हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 29 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री


मसानगंज सड़क पर फैले कचरे के कारण यहां से गुजरने वाले लोग बदबू से परेशान है।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो.9203905369, 9203914564, 9203914561

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# चांटीडीह की सवा चार एकड़ जमीन पर 20 करोड़ में बनेंगे दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स

- साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा
- नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्पलेक्स बनेगा, इसमें 54 दुकानें रहेंगी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 20 करोड़ खर्च कर व्यवस्थित मार्केट के साथ दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। इसके लिए चांटीडीह भैंसाबाजार की सवा चार एकड़ जमीन पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। ड्राइंग डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है।

इसमें साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा तो नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्पलेक्स बनेगा। इसमें करीब 54 दुकानें रहेंगी। इसका प्रस्ताव भी शासन के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही अभी जहां सब्जी बाजार लग रहा है उसे हटाते हुए यहां के छोटे दुकानदानों को चबूतरे और दुकानें आबंटित की जाएंगी। इसके लिए एमआईसी में प्रस्ताव लाया जाएगा। मौके पर दुकानें और चबूतरे बनकर तैयार भी हो गए हैं।

गौरतलब है कि पिछले दिनों चांटीडीह सब्जी मंडी में निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानदारों को बाहर किया था। यहां वर्षों से निगम की दुकानों पर अवैध कब्जा था, लेकिन अब सभी जर्जर दुकानों को तोड़कर वहां एक व्यवस्थित और आधुनिक मार्केट बनाने की योजना बनाई गई है। निगम के मुताबिक यहां 49 दुकानों में से केवल 14 का ही विधिवत आवंटन हुआ था, जबकि बाकी बची 36 दुकानों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। कई दुकानदारों ने शटर तोड़कर जबरन दुकानें अपने कब्जे में ले ली थी और वर्षों से वहां व्यवसाय कर रहे थे।



## व्यवस्थित और आधुनिक सब्जी मंडी बनेगी

निगम को कई दुकानों से निगम को किराया तक नहीं मिल रहा था। हाल ही में निगम ने स्थिति का जायजा लिया और पाया कि दुकानों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। इसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि दुकानों की हालत इतनी खराब है कि उन्हें अब तोड़ना आवश्यक हो गया है। भविष्य में यहां एक व्यवस्थित और आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## बेसमेंट पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर में दुकानें

निगम अधिकारियों का कहना है कि पुनर्निर्माण के बाद दुकानें वैध प्रक्रिया के तहत आवंटित की जाएंगी, जिससे इस तरह की समस्या दोबारा न हो। इस पूरी प्रक्रिया में यह बात गौर करने वाली रही कि कई सालों से इन दुकानों पर अवैध कब्जा था, लेकिन निगम ने लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं की। अब जब दुकानों की हालत पूरी तरह खराब हो गई, तब जाकर सख्त कदम उठाया गया है। अब निगम कहना है कि दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स में बेसमेंट पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें रहेंगी। इनका विधिवत आबंटन किया जाएगा। बाद में बजट मिलने के बाद सेकेंड फ्लोर में भी दुकानें बनाएं जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए शराब दुकान के साथ दूसरी दुकानों को हटाया जाएगा। निगम के पास यहां 300 मीटर जमीन उपलब्ध है।

## तैयार है प्रोजेक्ट

चांटीडीह भैंसाबाजार की सवा चार एकड़ जमीन पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इसमें साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा तो नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्पलेक्स बनेगा। व्यवस्थित मार्केट के साथ दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

## खबर संक्षेप

### बृहस्पति बाजार में ठेलों का कब्जा



**बिलासपुर।** शहर के बीचोबीच स्थित बृहस्पति बाजार में नगर निगम के अतिक्रमण अमले के द्वारा लगातार चलाए जाने वाले अभियान के बाद भी सड़क पर ठेले लगाने वालों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। अतिक्रमण दस्ते या पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर कुछ देर के लिए आसपास की गलियों में छिप जाने वाले ठेले वाले इनके जाते ही फिर सड़कों पर कब्जा जमा रहे हैं। चूंकि यह बाजार शहर के बीच स्थित है, जिससे शाम को ऑफिस छूटते ही कामकाजी लोग भी खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान शाम को यहां भारी जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### महाराणा चौक में आटो चालकों का कब्जा



**बिलासपुर।** शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग महाराणा प्रताप चौक में आटो वालों का कब्जा हो गया है। चौक पर ही बड़ी संख्या में बेतरतीब ढंग से आटो खड़ी चालक सवारी इकट्ठा करने में लगे रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि सवारी उतारने व बैठाने के चक्कर में इन्हें ट्रैफिक सिग्नल का भी ध्यान नहीं होता, जिससे पीछे खड़े वाहन चालकों को अनावश्यक जाम में फंसना पड़ता है। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि यातायात विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती, लगातार कई बार कार्रवाई करने के बाद भी आटो चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा सुनिश्चित करने के निर्देश

# अरपा के लिए 251 करोड़, 70 नालों के गंदे पानी को रोकने बनेगा व्यापक तंत्र


अधिकारियों से चर्चा करते उपमुख्यमंत्री अरूण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला व मेयर पूजा विधानी।



### 57 स्थानों पर इंटरसेप्शन डाइवर्जन स्ट्रक्चर

गौरतलब है कि नगरीय विकास मंत्रालय द्वारा बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 17 किलोमीटर लंबाई में प्रवाहित 70 नालों के दूषित जल को उपचारित करने की व्यापक योजना बनाई गई है। परियोजना में 57 स्थानों पर इंटरसेप्शन एवं डाइवर्जन स्ट्रक्चर, 13 स्थानों पर डाइवर्जन वियर, 9.99 किलोमीटर डाइवर्जन सीवर, 2.77 किलोमीटर सीवरेज पंपिंग राइजिंग मेन, 3 सीवेज पंपिंग स्टेशन, 2 नए एसटीपी सहित विद्युतीकरण एवं इंस्ट्रूमेंटेशन कार्य शामिल हैं। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से नालों का गंदा पानी नदी में जाने से पहले उपचारित किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को लगभग तीन घंटे तक स्कूटी से बिलासपुर शहर का भ्रमण कर नगर निगम, स्मार्ट सिटी तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अरपा नदी को प्रदूषण से मुक्त करने और उसके पुनरुद्धार के लिए तैयार 250 करोड़ 93 लाख रुपए की परियोजना को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। ध्यान रहे कि वर्तमान में शहर के लगभग 70 नालों का दूषित पानी सीधे अरपा नदी में गिर रहा है, जिससे नदी का जल प्रदूषित हो रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा 250.93 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया गया है।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मंगला स्थित 10 एमएलडी एवं 6 एमएलडी क्षमता के निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), कोनी कन्वेंशन सेंटर, शिवघाट बैराज, रामसेतु के बाईं ओर अटल पथ निर्माण, अशोकनगर-बिरकोना सड़क गौरव पथ निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने में आ रही बाधाओं का निराकरण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। एसटीपी निर्माण में विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### स्कूटी से शहर का निरीक्षण करने निकले उप मुख्यमंत्री अरुण साव



### बेतरतीब लगे बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर हटेंगे



उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान शहर में बेतरतीब ढंग से लगे बिजली के खंभों एवं ट्रांसफार्मरों को व्यवस्थित स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही भविष्य में नए बिजली खंभे अथवा ट्रांसफार्मर स्थापित करने से पूर्व नगर निगम की अनिवार्य सहमति लेने के निर्देश दिए। कोनी स्थित कन्वेंशन सेंटर के लिए पर्याप्त वाहन पार्किंग विकसित करने तथा उसके पीछे स्थित शासकीय भूमि का उपयोग पार्किंग के रूप में किए जाने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए। इस दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी और नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे भी उपस्थित थे।



# मानसूनी हवाओं ने दिया धोखा, अब उमस की मार

**बिलासपुर।** बीती रात झमाझम बारिश के बाद रविवार को मौसम ने फिर धोखा दे दिया, दिन की शुरूआत तेज धूप के साथ हुई और शाम5 बजे तक सूरज ने तपिश बरकरार रखी। इसके बाद हवाओं की रूख बदला लेकिन बारिश नहीं हो सकी। कहीं-कहीं पर हल्की बुंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन दिन भर गर्मी और उमस का माहौल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून के बावजूद जून में बारिश की कमी बनी हुई है। सामान्य से 69फीसदी कम बारिश दर्ज की गई, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। जून का महीना अब तक बेहद सूखा रहा है। छत्तीसगढ़ में मानसून ने 22 जून को दस्तक दे चुका है और 25 जून को मानसून बिलासपुर पहुंच चुका है, लेकिन इसके बाद भी महज आसमान पर बादल छा रहे है और कभी कभार गरजने और बिजली चमकने की घटनाएं हो रही है लेकिन अच्छी बारिश का इंतजार अब भी किया जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में अभी तक मजबूत कम दबाव का क्षेत्र नहीं बना सका है। यही वजह है कि प्रदेश में भारी बारिश वाला सिस्टम सक्रिय नहीं हो सका है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है।

### किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार

बड़ी संख्या में किसान धान की खेती के लिए मानसूनी बारिश पर निर्भर रहते हैं लेकिन बारिश नहीं होने के कारण किसानों से खेतों का रूख नहीं किया है। कम बारिश के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में अच्छी नमी के लिए अब किसानों को तेज बारिश का इंतजार है।

### कैसा रहेगा मौसम

मौसम का मिजाज गर्म और उमस भरा रहने की संभावना है। दिनभर तेज गर्मी का असर देखने को मिल सकता है, वहीं शाम या रात के समय मौसम में बदलाव के साथ कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ सकती हैं। अधिकतम तापमान करीब 38 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा। तेज धूप और बढ़ी हुई नमी के कारण लोगों को उमस का सामना करना पड़ सकता है।

## बिजली विभाग की खुली पोल, घंटों बंद से लोग हलाकान

शनिवार की रात हुई झमाझम बारिश के बाद देर रात बिजली की आंखमिचौली जारी रही, शहर भर के कई इलाके रात 3 बजे तक अंधेरे में रहे, वहीं रविवार की सुबह से बिजली गुल की समस्या आम रही। सरकंडा, अशोक नगर, नेहरू नगर, मंगला और सकरी जैसे इलाकों में बिजली ने लोगों को हलाकान कर दिया।

अशोक नगर में 11 केवी केबल के ब्रस्ट होने के कारण सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रही, बंधवापारा, चौबे कालोनी और नूतन चौक के आसपास बिजली बंद होने के कारण रहवासियों का हाल बेहाल हो गया। इस दौरान कतियापारा, टिकरापारा, फजल बाड़ा, कश्यप कालोनी में रात 11 बजे से 2 बजे तक बिजली की आंखमिचौली जा रही रही। सबसे खराब हाल सकरी और उस्लापुर क्षेत्र का रहा, जहां रात भर बिजली ने लोगों को तंग कर दिया, रात 3 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी, लेकिन अगले दिन रविवार को दोपहर 2.30 बजे से बिजली बंद रही, लेकिन शाम तक सप्लाई शुरू नहीं की जा सकी। बताया जा रहा है कि 11 केवी का तार टूटने के कारण घंटों मरम्मत कार्य में लगे, लेकिन इसके बाद लाइन चालु होने के बाद भी फाल्ट के कारण सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। रात 9 बजे तक बिजली बहाल हो सकी। जिस तरह से शहरीय क्षेत्र में बिजली के कारण लोग परेशान हो रहे है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र भी अछूता नहीं है। तेज हवाओं व बारिश के बाद काठाकोनी, सेलर, बहतराई, खमतराई और नगाई जैसे गांवों में बिजली ने लोगों को परेशान कर रखा है।

## प्रदेश के 23 एवं बिलासपुर संभाग के सात जिले योजना में शामिल

# पेंशन, आधार, जन्म-मृत्यु, जाति-आमदनी, एक ही छत के नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार द्वारा जन्म-मृत्यु, जाति-निवास-आमदनी प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, पेंशन प्रकरण, आवास एवं ईडब्ल्यूएस सहित 31 महत्वपूर्ण हितग्राहीमूलक योजनाओं को सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान में शामिल किया गया है। अपने काम के लिए हितग्राहियों को अब संबंधित विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि कलेक्टर अब खुद हर महीने संबंधित विभागों की समीक्षा करके शासन को प्रगति से अवगत कराएंगे। इस योजना में प्रदेश के 23 एवं बिलासपुर संभाग के सात जिलों को शामिल किया गया है।

शासन द्वारा आम लोगों की सुविधा के लिए चलाई जा रही हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाने की स्थिति में संबंधित हितग्राही को अब विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह काम हर महीने आयोजित होने वाली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर खुद करेंगे। सरकार ने सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत 31 ऐसी योजनाओं को शामिल किया है, जो पूरी तरह हितग्राहीमूलक हैं। शासन द्वारा प्रदेश के 23 जिलों को इस योजना में शामिल किया गया है, जिसमें बिलासपुर संभाग के सात जिले बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, रायगढ़, जीपीएम एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ भी शामिल हैं।

योजना के संचालन के लिए दो स्तर पर समिति बनाई गई है, जिसमें राज्य स्तरीय समिति में मुख्य सचिव अध्यक्ष एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव, सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। इसी तरह जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर को अध्यक्ष एवं सीईओ जिला पंचायत को सचिव की जिम्मेंदारी सौंपी गई है। सरकार ने अब तक योजनाओं की पूर्ति में अनावश्यक दोहराव, पात्र हितग्राहियों के वंचित रह जाने को प्रमुख कारण मानते हुए सारी योजनाओं को सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत एक ही छत के नीचे लाया है।

### कलेक्टर मासिक तो कमिश्नर त्रैमासिक समीक्षा करेंगे

सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत हितग्राहीमूलक योजनाओं की पूर्ति जमीनी स्तर पर किस गति से चल रहीं हैं, कलेक्टर को इसकी समीक्षा हर महीने करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह संभागायुक्त इन्हीं विषयों पर हर तीन महीने में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। जिला व संभाग स्तर पर की गई समीक्षा की रिपोर्ट राज्य स्तर पर भेजी जाएगी, जिसकी हर छह महीने में प्रदेश के मुख्य सचिव समीक्षा करेंगे। इतना ही नहीं, बल्कि संबंधित विभागों के सचिवों को भी अपने-अपने स्तर पर सतत समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं।

### महत्वाकांक्षी पहल

जिले में सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए टीएल में संबंधित सारे विभागों की एक मीटिंग की जा चुकी है। इसके अंतर्गत सारे विभागों को योजनावार लाभ से छूटे हितग्राहियों की लिस्टिंग करने को कहा गया है, ताकि पूरा फोकस वंचितों को लाभ देने पर किया जा सके। सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से पृथक-पृथक विभागों को टीम वर्क के साथ एकजुट होकर हितग्राहियों को लाभांवित करना एकमात्र लक्ष्य होगा।

- **संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी सुग्घर छत्तीसगढ़ अभियान

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शोभा टाह फाउंडेशन ने दिव्यांग मंजू को प्रदान किया व्हीलचेयर



**बिलासपुर।** शोभा टाह फॉउंडेशनन समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष अनिल टाह ने मंगला चौक निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग युवती मंजू साहू व्हीलचेयर प्रदान किया। व्हीलचेयर प्राप्त करने के बाद भावुक हुई मंजू साहू ने कहा कि मेरा बरसों का सपना पूरा हुआ है। समाजसेवी अनिल टाह ने आवश्यकता को समझते हुए व्हीलचेयर उपलब्ध कराया है, जिसके लिए वे उनकी आभारी हैं। मंजू साहू वर्तमान में घर पर रहकर सिलाई का कार्य करती हैं। इस अवसर पर क्षमा सिंह ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होकर आगे आना चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करे, तो अनेक दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जी सकते हैं।

### स्टेट बॉर काउंसिल नामांकन समिति की बैठक



**बिलासपुर।** राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर के नामांकन समिति की बैठक रविवार को परिषद के मुख्य कार्यालय उच्च न्यायालय परिसर बोदरी में हुई, जिसकी अध्यक्षता नामांकन समिति के अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत, सदस्य आलोक कुमार गुप्ता, भास्कर साहू थे। इसमें नए नामांकन हेतु परिषद को प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श किया किया। बैठक में करीब 65 आवेदकों को नए अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत किए जाने की अनुशंसा और 3 अधिवक्ताओं का सनद पुनर्बहाल करने के अलावा 11 प्रोविजनल प्रमाण पत्र किया गया। अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत के निर्देश में परिषद के सचिव अमित वर्मा, नामांकन प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार जायसवाल, विशाल सोनी के सहयोग से बैठक संपन्न हुई।

### वाहन चालक कर्मचारी संघ के संगठन महामंत्री बने राजकुमार



**बिलासपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वाहन चालक-कर्मचारी संघ के प्रांता अध्यक्ष नरेश यादव ने रायपुर के पंडरी स्थित रेंजर्स एसोसिएशन हॉल में प्रांतीय कार्यकरणी का गठन किया, जिसमें बिलासपुर से राजकुमार यादव राजा को संगठन का महामंत्री बनाया गया है। संघ में संरक्षक घनश्याम कुमार आनंद, प्रांतीय सचिव हैदर अली, कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष राज बाबू नाग जगदलपुर, वरिष्ठ उप प्रांत अध्यक्ष रामभिक्षुक वस्त्रकार व कोषाध्यक्ष आनंद सिंह पैकरा भी शामिल किए गए हैं। इस अवसर पर बिलासपुर से कृष्ण कुमार सिदार, दिनेश मिश्रा, विद्या एवं मरवाही से छेदी लाल निषाद सहित प्रदेश भर के वाहन चालक उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब बिलासपुर क्वींस ने भेंट किया वाटर कूलर




**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ क्वींस, रोटरी इंटरनेशनल शाखा द्वारा रविवार को बिलासपुर प्रेस क्लब को वाटर कूलर भेंट किया। अध्यक्ष सीमा ठाकुर,सचिव भारती सालुके,कोषाध्यक्ष प्रियंका रिकी जिवनानी ने बिलासपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 2020-21 रोट शिल्पी चौधरी के कार्यकाल में करोना काल ने हमारी संस्था ने करोना के मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडर और बेड उपलब्ध कराने में मदद की,अलग अलग बस्तियों में जाकर राशन और दवाईयों का वितरण किया। गनियारी के जन स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशुओं के लिए नियोनेटल आईसीयू स्थापित किया। ग्राम गातौरी में प्राइमरी स्कूल का रेनोवेशन कराया गया। 2024 रोट मनीषा जयसवाल के कार्यकाल में रोटरी गार्डन में मंदिर बनवाया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,ग्राम लिम्तरी में प्राइमरी स्कूल का रेनोवेशन कराया गया। कार्यक्रम में क्लब की डायरेक्टर वंदना सिंह, मनीषा जायसवाल, संगीता चौधरी, ऋषि हाजा, बंटी सोनी, सुनीता अग्रवाल और कामिनी गोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### महिला कोच में सफर करने वाले एक-एक व्यक्ति से 2500 का जुर्माना

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने नवीन जन विश्वास उपबंधों का संशोधन अधिनियम, 2026 जो 19 जून से प्रभावी हुआ है, इसके प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाना शुरु कर दिया है। अभियान के अंतर्गत नागपुर मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों को रेलवे अधिनियम, 1989 में किए गए संशोधनों एवं नवीन दंड प्रावधानों की जानकारी पोस्टर, पंपलेट, जनसंपर्क अभियान तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से दी जा रही है। इसके साथ ही यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। रविवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ने महिला आरक्षित कोच में यात्रा करते पाए गए पुरुष यात्रियों के विरुद्ध नवीन जन विश्वास संशोधित अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए प्रत्येक से 2500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

---

**तालाब में पानी की व्यवस्था नहीं** | **सैलानियों की कमी और नुकसान के कारण कोई भी इसे चलाना नहीं चाह रहा**

# सूखे तालाब में 25 लाख खर्च कर वन विभाग ने बना दिया वुडन ब्रिज

**बिलासपुर।** कोनी के पास बिलासा ताल में सौंदर्यीकरण के नाम पर 25 लाख रुपए खर्च कर वुडन पुल बना दिया गया, परन्तु तालाब में पानी की व्यवस्था नहीं की गई। सूखे तालाब में अब कोई घूमने भी नहीं जाता है। वहीं खान-पान के लिए दुकानें भी बनाई गई है, लेकिन सैलानियों की कमी और नुकसान के कारण कोई भी इसे चलाना नहीं चाह रहा है।

वन विभाग बिलासपुर ने बिलासा ताल के बीच में सरोवर बनाने के साथ एक कॉफी हाउस का निर्माण कराने के साथ अन्य कार्य कराए गए। कुछ माह पहले बिलासा ताल को नए स्तर से सुधारने के लिए शासन की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए सें अधिक राशि स्वीकृत की गई थी। इसमें केवल बिलासा ताल को चारों ओर से घेराबंदी करने के लिए पुराने फेंसिंग तार और पोल को हटाकर नई दीवार बनाकर बाउंड्रीवाल का काम किया गया और अंदर का काम छोड़ दिया गया। वन विभाग की जिम्मेदारी में चल रहे बिलासा ताल में सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र सरोवर और उसके ऊपर बनाया गया पूल था। इस पूल को लकड़ी के जरिए सरोवर के बीच में खड़े किया गया था। इसके



साथ ही सरोवर में भ्रमण के लिए नाव की भी व्यवस्था की गई थी। आठ साल पहले बारिश के कारण पूल जर्जर होकर पूरी तरह से टूट गया, जिसे नए स्तर से बनाने के लिए लाखों रुपए की राशि भी सेंक्शन की गई थी। यह कार्य करने से पहले ही तत्कालीन रेंजर रिटायर हो गए और राशि कहां गई इसका भी कोई अता पता नहीं चल सका। वर्तमान में बिलासा ताल का सरोवर तो है, उसमें 25 लाख रुपए की लागत से एक नवनिर्मित पुल भी बनकर तैयार हो चुका है। सरोवर कभी बिलासा ताल में आने वाले सैलानियों की शोभा बना हुआ था, लेकिन अब यहां बना हुआ सरोवर पानी के लिए तरस रहा है।

### कर्मचारियों को वेतन के लाले

बिलासा ताल को वन विभाग की ओर से संचालित करने का काम हो रहा है। यहां का प्रभार बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ, एसडीओ और रेंजर सहित डिप्टी रेंजर के पास है। बिलासा ताल की व्यवस्था और देखरेख करने के लिए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी विभाग ने रखा हुआ है, लेकिन सैलानियों की भीड़ कम होने के कारण टिकिट का पैसा नहीं निकलने से कर्मचारियों को वेतन देने के लाले पड़े हैं।

### अब तक नहीं उठी गुमटी

प्रशासन ने बिलासा ताल को इसलिए बनाया था, ताकि वहां सैलानी अपने परिजन के साथ पहुंचे और पिकनिक का आनंद लें। इसे बनाने के बाद बच्चों के लिए गार्डन, झूले व अन्य कार्य भी किए गए। वहीं चार गुमटियों को भी बनाया गया, जहां बिलासा ताल में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानियों को खाने-पीने का सामान आसानी से मिल सके। चार गुमटियों में से केवल एक गुमटी का संचालन किया जा रहा है, वहीं तीन गुमटियों कें शटर अब तक ओपन नहीं किए गए हैं। बिलासा ताल के अंदर से ज्यादा सामान बाहर लगने वाले ठेले में बिक रही है।

### बोर से भरा जाएगा पानी

बिलासा ताल को संवारने के लिए कई कार्यो के बजट बनाकर भेजा जा रहा है। इसमें चिल्ड्रन एरिया के साथ कैफेटेरिया और पैगोड़ा को भी सुधारा जाएगा। वहीं पुल बनकर रेडी हो गया है, जिसमें तालाब में पानी के लिए बारिश का इंतजार हो रहा है। इसके अलावा उसमें बोर से भी पानी भरने का काम होगा, जिसके लिए गड्ढा किया गया है। वहीं दुकानों को भी संचालित करने के लिए योजना बनाई जा रही है।

-यशपाल वर्मा, रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

---

**कोचिंग डिपो में अब दूसरी ट्रेनों के साथ वंदेभारत एक्सप्रेस का भी होगा मेंटनेंस**

# वंदेभारत के लिए पिट लाइन का कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोचिंग डिपो में अब दूसरी ट्रेनों के साथ वंदेभारत एक्सप्रेस का भी मेंटनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके लिए आयल डिपो से लेकर कोचिंग डिपो तक नई पिट लाइन का कार्य करीब पूरा कर लिया गया है। यह कार्य 200 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है, जिसमें वंदेभारत के बाद भविष्य में मिलने वाली अमृत भारत का भी रखरखाव होगा। इसके लिए शेड लगाने का कार्य विभागीय अधिकारी कर रहे हैं।

वंदेभारत एक्सप्रेस शनिवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन बिलासपुर से नागपुर की दूरी साढ़े 5 घंटे में तय करती है। शुरुआत में वंदेभारत एक्सप्रेस को 16 कोच से चलाया जा रहा था, लेकिन कोच की संख्या के हिसाब से रेल प्रशासन को यात्री नहीं मिल पा रहे थे। इसका कारण था कि वंदेभारत एक्सप्रेस में सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट एक्सप्रेस से अलग एक्सक्यूटिव कार और चेयर कार के साथ अन्य सुविधाओं के लिए रेलवे यात्रियों ने चार गुना अधिक राशि ले रही थी। वंदेभारत एक्सप्रेस में किराया अधिक होने के कारण बिलासपुर से नागपुर के बीच सफर करने वाले यात्री दूसरी ट्रेनों में सफर कर रहे थे। यात्रियों की संख्या में कमी के कारण वंदेभारत एक्सप्रेस के कोच को 16 से घटाकर 8 कोच में कर दिया गया है। यात्रियों के साथ रेलवे के पास सबसे बड़ी समस्या वंदेभारत एक्सप्रेस के मेंटनेंस की थी। वंदेभारत में कई बार पथराव के कारण कोच की



### वंदेभारत मेंटनेंस डिपो

इस कार्य में निरीक्षण शेड, प्रशासनिक भवन, सब स्टेशन भवन, ओवरहेड जल टैंक, ट्रैक, ओएचई, आटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट, अंडर फ्लोर व्हील लेथ व अन्य यांत्रिक सुविधाओं का निर्माण सहित वंदेभारत के लिए अवसंरचना उन्नयन कोचिंग डिपो में पिट लाइन 1 के पुनर्वास एवं आवश्यक यांत्रिक एवं विद्युत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

### अमृत भारत एलएचबी अनुरक्षण

कार्य में निरीक्षण शेड विस्तार, नई पिट लाइन, एप्रोच रोड, ड्रेनेज, रिट्रेक्टेबल ओएचई, कोच वाशिंग प्लांट, एयर कांप्रेसर, इंओटी के अलावा 220 मीटर लंबी हेवी रिपेयर शेड, सर्विस बिल्डिंग, ट्रैक कार्य, 25 टन ईओटी क्रेन, सिंक्रोनाइज्ड जैकिंग सिस्टम, एयर कंप्रेसर व अन्य आधुनिक रखरखाव उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी।

खिड़कियों के कांच क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसकी वजह से कांच को बदलने के लिए कपूरथला से स्टाफ को बुलाना पड़ रहा था। कोचिंग डिपो में वंदेभारत की धुलाई और सफाई के अलावा कोई दूसरे काम नहीं हो पा रहे थे। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड के आदेश पर एक नई पिट लाइन बनाने का कार्य पूरा करने के बाद अब शेड लगाने का कार्य शुरु किया गया है।

### चांपा से कोरबा तीसरी रेल लाइन को मिली 755 करोड़ की मंजूरी

रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 42 किलोमीटर लंबी चांपा से कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना को 755 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से मंजूरी प्रदान की है। रेलवे के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत चांपा और कोरबा के बीच तीसरी लाइन का निर्माण किया जाएगा। इससे पहले से स्वीकृत मड़वारानी से सरगबुंदिया खंड को शामिल नहीं किया गया है। इस रेल गलियारे की पहचान भारतीय रेल के मिशन 3000 एमटी और उच्च घनत्व नेटवर्क एचडीएन कारिडोर पहल के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य माल ढुलाई को सुदृढ़ करना और देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान करना है। चांपा-कोरबा रेल खंड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल और महानदी कोलफील्डस लिमिटेड एमसीएल की कोयला खदानों को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क तथा मुम्बई-हावड़ा उच्च घनत्व वाले गलियारे से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कड़ी के रूप में कार्य करता है। इस रेल खंड पर प्रतिदिन करीब 10 यात्री ट्रेनें और 55 मालगाड़ियों का परिचालन होता है।

---

## एजुकेशन प्लस




### बीपीएस में येलो डे, कम्युनिटी हेल्पर एवं रोमांचक खेलों का आयोजन

**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में शनिवार गतिविधियों के अंतर्गत प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें खेल-खेल में नई सीख प्रदान करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत येलो डे सेलिब्रेशन से हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। पीले रंग की थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रंगों के महत्व एवं उनके दैनिक जीवन में उपयोग की जानकारी दी गई। कम्युनिटी हेल्पर गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को एक डॉक्टर से परिचय कराया गया। डॉक्टर ने बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी तथा बच्चों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इसके बाद आयोजित फ्रॉग रेस, इंचवर्म रेस एवं स्कैवेंजर हंट जैसी रोमांचक गतिविधियों में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इन खेलों ने बच्चों की शारीरिक क्षमता, टीम भावना, अवलोकन कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। विद्यालय की चेयरपर्सन अंजली अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यावहारिक, रचनात्मक एवं नैतिक शिक्षा से भी जोड़ना है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं डायरेक्टर आशीष अग्रवाल ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों की जिज्ञासा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इसी प्रकार की नवाचारपूर्ण एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

### डिप्टी सीएम ने किया सर्वसुविधायुक्त वेंटिलेटर एंबुलेंस का लोकार्पण



**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को अग्रसेन चौक में अत्याधुनिक वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस का लोकार्पण किया। यह एंबुलेंस सर्व समाज के लोगों को कम लागत पर उपलब्ध होगी। इस जनसेवा के कार्य के लिए उन्होंने अग्रवाल महासभा को बधाई और शुभकामनाएं दी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि गंभीर मरीजों को इलाज के लिए अक्सर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे समय में वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस की आवश्यकता सबसे अधिक होती है। इसके अभाव में कई बार मरीज की जान पर भी संकट आ जाता है। अग्रवाल महासभा ने लोगों की इस आवश्यकता को समझते हुए समाज को अत्याधुनिक एंबुलेंस समर्पित की है। यह सेवा अनेक जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगी। इस अवसर पर अग्रवाल महासभा अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, महामंत्री ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल, समाज के चतुर्भुज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नित्यानंद अग्रवाल, सुरजमल अग्रवाल, इन्द्रसेन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सुरेश, प्रह्लाद, रामदेव कुमावत, राजेश सिंह एवं समाज के अलग-अलग विंग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# पल्स पोलियोः शहर ने हासिल की 94.56% उपलब्धि

**बिलासपुर।** जिले में संचालित पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। अभियान के तहत जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2 लाख 63 हजार 7 बच्चों को जीवनरक्षक पोलियो की दो बूंद पिलाई गई।

यह जिले के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 94.56 प्रतिशत उपलब्धि है। जिला स्तरीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजकिशोर नगर में महापौर श्रीमती पूजा विधानी द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गरेवाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मनोज सेमुअल, शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रक्षित जोगी सहित स्वास्थ्य



विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, मितानिन, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अभियान के सफल संचालन के लिए 1,531 बूथों के साथ ट्रांजिट एवं मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है। अभियान के शेष दो दिनों 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे।

### सहकारी सप्ताह का आयोजन आज से

**बिलासपुर।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने पर 29 जून से 6 जुलाई तक जिले में सहकारी सप्ताह मनाया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर के निर्देश पर बिलासपुर जिले में भी विभिन्न जागरूकता, प्रशिक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर एवं सहकारिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 29 जून को पैक्स कार्यालयों में सहकारी ध्वजारोहण, सदस्यता अभियान, सहकारिता शपथ, सदस्यों की आय वृद्धि में दुग्ध एवं मत्स्य समितियों की भूमिका पर परिचर्चा, 30 जून को जिला सहकारी विकास समिति की बैठक तथा एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका पर चर्चा होगी।

---

# पूर्व महापौर के निवास पर सुनी गई पीएम के मन की बात



**बिलासपुर।** रविवार को रेल्वे मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सामूहिक रूप से सुनने व डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म द्वारा प्रशिक्षण को पूर्व महापौर किशोर राय जी के निवास मे रखा गया, जिसमें डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के मंडल प्रभारी के रूप मे भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अमर जीत दुआ शामिल हुए। डिजिटल प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी की मंडल महामंत्री मनीष गुप्ता ने बताया व डिजिटल प्रशिक्षण अंकित गुप्ता ने पुर्ण कराया। इस अवसर पर किशोर राय ने पार्टी पर अपना अनुभव रखा। इस अवसर पर मुख्य रूप से रेल्वे मंडल के प्रभारी पंकज तिवारी, गणेश रजक, महामंत्री नीरजा सिन्हा, धीरेंद्र केशरवानी, रिंकू मित्रा, हरि गुरुंग, सचिन राव, कीर्ति झा, आशा निर्मलकर, दुर्गा अवस्थी, मंजू श्रीवास, आरती श्रीवास, हरेंद्र तिवारी, परेश श्रीवास्तव, राजेश रजक, केदार खत्री, नरेश लालपूरे, मनीष अग्रवाल, रमेश नाहर मुख्य रूप से शामिल हुए।

### लिमतरा में पीएम के मन की बात

विधानसभा मस्तूरी के देवरीखुर्द मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक-135 ग्राम पंचायत लिमतरा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना और सराहा। वक्ताओं ने कहा कि मन की बात केवल एक संवाद नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम बन चुका है। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, मंडल अध्यक्ष रवि बरगाह, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी पल्लव धर, जिला सह संयोजक ईश्वर यादव, विवेक पांडे, प्रकाश अवस्थी, पवन श्रीवास, सुबोध लहरें, मंडल युवा मोर्चा महामंत्री रवि सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी पवन चंद्राकर तथा ग्राम पंचायत लिमतरा के सरपंच दीपचंद वस्त्रकार आदि उपस्थित रहे।

# प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बने कामता

**बिलासपुर।** प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष पद हेतु लोकतांत्रिक निर्वाचन रविवार को शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

मीडिया प्रभारी पवन सोनी ने बताया कि मतगणना परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कामता प्रसाद सोनी को 77 मत तथा सूर्यकांत सोनी को 43 मत प्राप्त हुए। कुल 205 मतदाताओं में से 120 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी 120 मत वैध पाए गए तथा अवैध मत शून्य रहे। कामता प्रसाद सोनी अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन एवं सफल



आयोजन निर्वाचन समिति के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्वाचन समिति में प्रदेश संरक्षक अनूप सोनी, राकेश सोनी तथा प्रेम सोनी प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सैनिक एकता कल्याण संघ ने महत्वपूर्ण एवं निष्पक्ष भूमिका निभाई।

समाज के वरिष्ठजनों एवं निर्वाचन समिति ने सभी मतदाताओं, दोनों प्रत्याशियों तथा समाज के सदस्यों का शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु आभार व्यक्त किया तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए समाज के विकास, एकता एवं प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 29 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## जागरूकता

### सीए वीक सेलिब्रेशन के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण





**बिलासपुर।** एक पेड़ माँ के नाम के अनुरूप, द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बिलासपुर शाखा द्वारा सीए वीक सेलिब्रेशन के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को प्रातः 08:30 बजे से अंध मूक-बधिर शाला, तिफरा, बिलासपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में योगदान देना तथा समाज के प्रति चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की सामाजिक जिम्मेदारी को सशक्त करना है। इस अवसर पर शाखा के पदाधिकारियों, प्रबंध समिति के सदस्यों एवं शाखा के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। शाखा के अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, मातृत्व और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी सदस्यों से इस जन-आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। सीआईआरसी द्वारा आयोजित सीए वीक सेलिब्रेशन के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# व्यक्ति अंतरात्मा में परिवर्तन ला सके, वही वास्तविक अध्यात्म

**अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित योगेश स्मृति नाट्य समारोह के अंतर्गत रविवार को अभिनेता, लेखक, गीतकार एवं रंगकर्मी पीयूष मिश्रा के साथ आयोजित विशेष संवाद सत्र में उन्होंने अपने रंगमंच, संगीत, लेखन और जीवन के अनुभव दर्शकों के साथ साझा किए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### योगेश स्मृति नाट्य समारोह में संवाद रंग-संगीत व नाट्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां






पीयूष मिश्रा ने कहा कि थिएटर मैं इसलिए करता हूं क्योंकि मेरी मर्जी। उन्होंने बताया कि सातवीं कक्षा से ही गाना-बजाना शुरू कर दिया था और कला उनके जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बन गई। उन्होंने कहा कि वे कलाकार हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपने बच्चों पर कलाकार बनने का दबाव नहीं डाला, क्योंकि हर व्यक्ति को अपनी पसंद का रास्ता चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। पीयूष मिश्रा ने कहा कि यदि व्यक्ति अपनी अंतरात्मा में परिवर्तन ला सके, वही वास्तविक अध्यात्म है। उन्होंने पढ़ने की आदत पर जोर देते हुए कहा कि खुद की ज़िद नहीं होगी तो कोई पढ़ नहीं सकता। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी की सराहना करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी बेहद ऊर्जावान और प्रतिभाशाली है। उन्होंने कहा कि कलाकार का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ सार्थक छोड़ जाना होना चाहिए। अपने लोकप्रिय गीत इक बगल में चांद होगा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत उन्होंने किसी विशेष योजना के तहत नहीं लिखा था, बल्कि सहज रूप से लिखा गया और लोगों ने उसे खूब अपनाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि वे गीत वैसे ही लिख देते हैं जैसे साइकिल में हवा भर दी जाती है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शन के लिए 35 वर्ष पहले गाए गए गीत आज भी लोगों को पसंद आते हैं और अंत में दर्शकों से कहा, मैं आपके लिए जीता हूं। संवाद सत्र का संचालन सुनील चिपड़े एवं कुणाल भांगे ने की।

## हर स्कूल और कॉलेज में होना चाहिए एक थिएटर

फिल्म लगान में अपनी पहचान बनाने वाले, मुंगेरीलाल के हसीन सपने में अभिनय का जादू दिखने वाले फिल्म अभिनेता तथा रंगमंच कलाकार रघुवीर यादव ने कहना है कि हर स्कूल हर कॉलेज और हर गांव में थिएटर आज के समय में होना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी को थिएटर पढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि थिएटर जीने का सलीका सिखाता है।

अग्रज नाट्य दल के चार दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बॉलीवुड और रंगमंच कलाकार श्री यादव ने कहा कि थिएटर से जुड़कर आदमी तहजीब सीखना है, थिएटर खुद को पहचानना सिखाने के साथ अपने खुद के भीतर छिपे चीजों को सामने लाता है। इससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है, जो जिंदगी सीखने की कला सिखाती है। थिएटर जो सीख गया उसे जिंदगी भी छोटी लगने लगती है। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी जिंदगी में थिएटर से बहुत कुछ सीखा है। मैंने थिएटर में तैरना नहीं डूबना सीखा है। यह हमें रसोई में खाना बनाना भी सिखाती है। कलाकार है संगीत में भी रुचि है और संगीत हर चीज में मदद करती है। संगीत से जिंदगी के हर छोटे-छोटे जज्बातों को बाकी से सीखा जा सकता है, म्यूजिक बच्चों को बहुत सारी चीज सिखाता है। म्यूजिक टेंशन दूर करने का बढ़िया साथी भी है और जीने का सलीखा भी सिखाते है। रघुवीर यादव ने कहा है कि बॉलीवुड में मैंने ईमानदारी से काम किया है। 1967 से लेकर अब तक रंगमंच के लिए काम कर रहा हूं। अभी भी लगता है कि बहुत कुछ करना बाकी है। थिएटर के माध्यम से हम जो पढ़ते हैं कि अभिनय करते हैं, शोध करते हैं, थिएटर हमें बहुत कुछ सिखाती है। नई पीढ़ी को समझ में आना चाहिए थिएटर क्या है। हर एक्टर के लिए थिएटर में प्रशिक्षण जरूरी है। देश के प्रख्यात कलाकार हबीब तनवीर तथा सत्यदेव दुबे को याद करते हुए कहा कि हबीब तनवीर ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति नाचा गम्मत के माध्यम से संस्कृति को बचाने का काम किया है, इसे संभालकर रखना चाहिए। कलाकार को जानना चाहिए कि उनके अंदर भी एक थिएटर है, थिएटर के बिना पहचान नहीं है। एक कलाकार को थिएटर के साथ-साथ प्रशिक्षण जरूरी है। जिसे एक्टिंग नहीं आएगी वह ज्यादा समय तक रंगमंच पर नहीं टिक पाएगा। उन्होंने कहा कि आज जो फिल्में बन रही है उसमें समाज को बहुत कुछ सीखना भी चाहिए किसी अपराधी या बड़े नेतापर फिल्में बनती है उसे आज समाज कहां तक स्वीकार करेगा। रघुवीर यादव के शहर पहुंचने पर सिम्स के डीन रमणेश मूर्ति उनकी पत्नी तथा अग्रज नाटक डाल के प्रमुख सुनील चिपड़े, श्वेता पांडे ने स्वागत किया। रघुवीर यादव दो दिनों तक यहां रहेंगे। और चार दिवसीय योगेश स्मृति नाटक दल में अपनी कला का प्रदर्शन भी करेंगे।




**शहर पहुंचे बॉलीवुड कलाकार रघुवीर यादव**

## आयोजन

### सन टू ह्यूमन परिवार ने किया स्वास्थ्यवर्धक साधना का अभ्यास



बिलासपुर। सन टू ह्यूमन परिवार बिलासपुर के साधकों ने राजकिशोर नगर स्थित शनि साईं मंदिर में पूज्य परम आलय द्वारा विकसित विभिन्न वैज्ञानिक एवं साधनात्मक प्रयोगों का सामूहिक अभ्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन ललित अग्रवाल के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में बताया गया कि पूज्य परम आलय ने लगभग 30 वर्षों की सतत साधना, अध्ययन एवं विभिन्न प्रयोगों के उपरांत जनसामान्य के शरीर, मन एवं चेतना को स्वस्थ एवं संतुलित रखने के उद्देश्य से अनेक व्यावहारिक अभ्यास विकसित किया हैं। सन टू ह्यूमन परिवार ने सभी नागरिकों से इन स्वास्थ्य एवं जागरूकता संबंधी साधनाओं से जुड़कर स्वस्थ तन, शांत मन एवं जागृत चेतना की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर संजय जैन, एसएल राठौर, रामकुमार वस्त्रकार, शरद साहू, दिलीप, राकेश राठौर, अजय जैन, ललित अग्रवाल, प्रणय, भव्य जैन, डॉ एके सिंह, सुशील धर दीवान, चंचल जैन, दीपा, सरिता सिंह, विनीता सिंह, प्रीति बावरे, के. रेवती, अलका राठौर, सृष्टि राठौर, मधु, स्नेहा जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

# पूर्णिमा पर महाप्रभु का आज 108 कलशों से स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### रेलवे परिक्षेत्र में जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां

**बीमार होने के बाद मंदिर के पट 15 दिन के लिए कर दिए जाएंगे बंद**





श्री जगन्नाथ सेवा समिति की रविवार को एक बैठक हुई। इसमें सोमवार को होने वाली स्नान पूर्णिमा एवं जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि स्नान पूर्णिमा पर सोमवार को महाप्रभु को 108 कलशों से स्नान कराया जाएगा। इससे महाप्रभु के बीमार हो जाने मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद कर दिया जाएगा।

उत्कल समाज के अध्यक्ष केके बेहरा ने बताया कि सोमवार 29 जून को सुबह 10 बजे भगवान जगन्नाथ का 108 कलशों से स्नान सात पण्डितों की टीम द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कराया जाएगा। 11 बजे भक्तों को स्नान करने का मौका दिया जाएगा। स्नान से महाप्रभु के बीमार हो जाने मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद कर दिया जाएगा। इस बीच महाप्रभु को कोई भोग नहीं लगेगा। केवल काढ़ा, पानी दिया जाता रहेगा। मंदिर का पट बंद होने से श्रद्धालु भक्तों को पट खुलने का इंतजार रहेगा। पट खुलने के दिन महाप्रभु का पहला दर्शन पाने सुबह से मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लग जाएगा। मंदिर के झण्डे भी बदले जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर का रंग-रोगन करने के साथ ही पुरी से आए कारीगर ने मंदिर में महाप्रभु के रूप व अवतार की आकर्षक ढ़ंग से चित्रकारी की गई है।

### बाजे-गाजे के साथ ले जाया जाएगा मण्डप

श्री बेहरा ने बताया कि महाप्रभु को श्रीमंदिर से मंत्रोच्चार व बाजे-गाजे के साथ ले जाया जाएगा। स्नान के बाद रात 9 बजे श्रीमंदिर लाकर स्थापित कर मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। 15 जुलाई को पट खुलने पर श्रद्धालु भक्त महाप्रभु का नवयौवन रूप में दर्शन कर सकेंगे।

### 16 को निकाली जाएगी गुण्डिचा यात्रा

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होने वाला यह 9 दिवसीय उत्सव रेल्वे स्थित जगन्नाथ मंदिर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस साल 16 जुलाई गुरुवार को गुण्डिचा यात्रा निकाली जाएगी। छेरा पहरा की रस्म एसईसीएल अधिकारी रमेशचंद्र महापात्र पूरी करेंगे। मौसी मां मंदिर में 9 दिन रहने के बाद 24 जुलाई बहुड़ा यात्रा के साथ भगवान जगन्नाथ की मुख्य मंदिर में वापसी होगी।



## गणेश मंदिर में अन्नदान, अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना, आरती

**बिलासपुर।** रेल्वे स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर में रविवार को अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दिन सुबह साढ़े 7 से 8 बजे तक अभिषेक, 8 से साढ़े 8 बजे तक अलंकार, साढ़े 8 से 9 बजे तक सहस्त्रनाम अर्चना, 9 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण, सुबह साढ़े 10 से 12 बजे तक मंदिर के पंडितों और भक्तजन श्री विष्णु सहस्त्रनाम व श्री ललिता सहस्त्रनाम का पाठ किया गया। इसके बाद भोग लगा कर आरती की गई। भोजन प्रसाद का वितरण दोपहर 3 तक होता रहा। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महिला भजन मण्डली गोड़पारा ने सुंदर काण्ड का सामूहिक पाठ किया।



■ महिलाओं ने किया सामूहिक सुंदर काण्ड का पाठ

## कार्यक्रम

### समाज सेवा के लिए डॉ. कमल को किया गया सम्मानित



बिलासपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ कमल छाबड़ा का समाज सेवा एवं कोरोना काल में किए गए उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए सम्मान किया गया। सामाजिक संगठन 'सेवा एक नई पहल' की ओर से विकास घई, मनोज सिरवानी, पीयूष गोयल, महेंद्र मखीजा, सुनील आडवाणी तथा रेखा आहूजा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी एवं संस्थान के वरिष्ठ भाई-बहन भी उपस्थित रहे।

# नागपुर के भरतनाट्यम दल रहे प्रथम

**बिलासपुर।** कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में चल रहे चार दिवसीय राष्ट्रीय संगीत एवं नृत्य महोत्सव 'नाद मंजरी सीजन-3' के दूसरे दिन शनिवार को देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

■ बच्चों की नशा मुक्ति संदेश ने जीता दिल

इस कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण नागपुर से आई भरतनाट्यम गुरु रितु के शिष्यों की मनमोहक प्रस्तुति रही। उनकी सटीक ताल, भाव-भंगिमा और अनुशासित नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया। इसके लिए उन्हें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्रतिभागी निधि ने अपनी दमदार और भावपूर्ण प्रस्तुति से समां बांधा। रायपुर से आई शालिनी शर्मा ग्रुप ने रंगारंग फेस्टिवल डांस एवं इंदिरा साहू की विद्यार्थियों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य पेश किया। गुरु आलोक पांडेय, कोस्टबी व राधिका ग्रुप की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।




आयोजक पंकज खंडेलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। तीसरे दिन भी कई प्रतिष्ठित कलाकारों और प्रतिभागियों की आकर्षक प्रस्तुतियां आकर्षण की केंद्र रहेगी।

### संदेश समाज के लिए प्रेरणादायी

अरपा वैली स्कूल के बच्चों ने नृत्य और संगीत के साथ ही ड्राइंग, पेंटिंग के माध्यम से नशा मुक्ति का प्रभावशाली संदेश दिया। बच्चों की जागरूकता से भरपूर इस प्रस्तुति की थावे विद्यापीठ के कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक एवं न्यायमूर्ति डॉ चंद्रभूषण बाजपेयी ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

## अमोहा ने नृत्य में बढ़ाया गौरव



एनटीपीसी जामनीपाली कोरबा की 6 वर्षीय अमोहा शुक्ला ने राष्ट्रीय स्तर के कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने मंगलम महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा नाद मंजरी में प्रतिष्ठित "आउटस्टैंडिंग अवॉर्ड" हासिल किया। अमोहा, राहुल शुक्ला एवं ऋतु शुक्ला की सुपुत्री हैं।

## स्पोर्ट्स

### सुष्मिता को उत्कृष्ट महिला खिलाड़ी का सम्मान



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसीएशन द्वारा को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन विष्णु देव साय एवं खेल मंत्री अरुण साव के द्वारा सुष्मिता सोम को टेबल टेनिस खेल में उत्कृष्ट महिला खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। सुष्मिता सोम विगत चार वर्षों से लगातार सबसे कम उम्र की सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य महिला चैम्पियन है। बिलासपुर जिला टेबल टेनिस के सचिव कपिल शुक्ला एवं गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के फोरेंसिक साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापको ने उत्कृष्ट महिला खिलाड़ी का सम्मान प्राप्त करने पर सुष्मिता को शुभकामनाएं दी हैं।

**पीएटी परीक्षा में भी 326 परीक्षार्थियों ने नहीं दी परीक्षा**

# हाईकोर्ट डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में 4 हजार से अधिक अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों पर भर्ती के लिए सीजी व्यापमं द्वारा आयोजित परीक्षा रविवार को संपन्न हो गई। जिले में 38 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 11 हजार 729 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था,जबकि 7 हजार 250 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा दिलवाई। 4 हजार 259 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। व्यापम ने इसी दिन प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की भी परीक्षा शहर के 4 केन्द्रों में ली जिसमें 1 हजार 232 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें 906 परीक्षार्थियों ने पेपर दिया। जबकि 326 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

दोनों परीक्षाओं के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात और परीक्षा केंद्रों पर व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षार्थियों ने बताया कि हाईकोर्ट के पदों निकली भर्ती का पेपर मॉडरेट रहा, गणित व अंग्रेजी के प्रश्न थोड़ा परेशान जरूर किया। प्रश्नपत्र में जनगणना का ब्रांड अंबेसडर, सिंचाई का प्रमुख सांधन,छत्तीसगढ को 2026 में पदमश्री किसे मिला, देश के 5 साक्षर राज्य के नाम बताओं सहित विभिन्न विषयों के सवाल पूछे गए। इसी तरह पीएटी के छात्रों ने बताया कि पेपर सरल था,जिसमें खेती सबंधित कई तरह के प्रश्न पूछे गए। बता दें की परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र का मिलान करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशासन के अनुसार, दोनों परीक्षाएं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुईं। अब परीक्षार्थियों को परिणाम घोषित होने का इंतजार रहेगा।

### लाखों अभ्यर्थी में 38 पद पर होगी भर्ती

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों पर भर्ती के लिए प्रदेश भर से लाखों अभ्यर्थियों ने आवेदन भरे थे। जिसमें महज 38 युवाओं का चयन इस पदों पर होना है, जिन अभ्यर्थियों ने कड़ी मेहनत की होगी उन्हीं का चयन इसमें होगा।







# बेटियों के साथ भेदभाव के मुद्दे को उजागर करेगी 'रेवा'

**मुंबई।** 'रेवाः द अनसीन वुंड' एक ऐसी शॉर्ट फिल्म है। यह फिल्म समाज में लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव के गंभीर मुद्दे को सामने लाती है। निर्देशक पराग चापेकर एक शॉर्ट फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म का नाम 'रेवा' है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है। इसमें रावी कौर लुबाना ने रेवा का किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि यह कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह एक ऐसी मासूम लड़की की दर्दनाक कहानी है, जिसे उसके अपने ही परिवार ने भेदभाव की वजह से मार डाला था। कई साल बाद, एक आध्यात्मिक जुड़ाव के जरिए उसका सच सबके सामने आता है, जो न्याय और पुनर्जन्म को दर्शाता है।

## लाइफ Style



# ईशा

## काम के प्रति ईमानदार होने की जरूरत

अभिनेत्री ईशा सिंह ने अपनी फिल्म 'आब्सेस' में सभी एक्शन सीन खुद किए और अब और एक्शन फिल्में करने को तैयार हैं। हिंदी सिनेमा में इन दिनों अभिनेत्रियों को भी केंद्र में रखकर कई बड़ी एक्शन फिल्में बनाई जा रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आगामी दिनों में प्रदर्शन की कतार में शामिल अल्फा तथा शक्ति शालिनी जैसी फिल्में इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इस चलन को हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियां एक सकारात्मक बदलाव की तरफ देख रही हैं। साल 2022 में फिल्म मिडिल क्लास लव से फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री ईशा ने अपनी हालिया प्रदर्शित फिल्म आब्सेस के लिए सारे एक्शन सीन स्वयं किया। आगे वह और भी एक्शन फिल्में करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उसे अपनी बेवकूफी की वजह से चोट लगी थी। ईशा ने टीवी धारावाहिकों से शुरुआत के बाद फिल्मों में अपनी राह बनाई। टीवी से फिल्मों के लिए प्रयासरत कई कलाकारों की शिकायत होती है कि टीवी कलाकार वाली छवि पीछा नहीं छोड़ती है। ईशा कहती हैं, 'मैंने तो टीवी में काम करने के बाद अनुभव सिन्हा के साथ एक फिल्म (मिडिल क्लास लव) की। फिर टीवी धारावाहिक किया और उसके बाद फिर फिल्म की। मुझे छवि जैसी कोई बात नहीं लगती है। बस कलाकार को अपने काम के प्रति ईमानदार होने की आवश्यकता है। मैंने अब तक अपनी तरफ से कठिन परिश्रम करने में कुछ भी बाकी नहीं छोड़ा है, बाकी तो ऊपरवाला देख ही रहा है।'

## हॉलीवुड मसाला



# 10 साल बाद अलग हुए कोर्टनी-जॉनी

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी टीवी शो 'फ्रेंड्स' की अभिनेत्री कोर्टनी कॉक्स और 'स्नो पेट्रोल' बैंड के म्यूजिशियन जॉनी मैकडैड का रिश्ता अब खत्म हो गया है। दोनों 10 साल से भी ज्यादा समय से साथ थे। कोर्टनी कॉक्स और जॉनी मैकडैड की मुलाकात साल 2013 के आखिर में एक हाउस पार्टी में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने डेटिंग शुरू की। रिश्ते के 9 महीने बाद ही दोनों ने सगाई कर ली थी, लेकिन 2015 के आखिर में उनकी सगाई टूट गई। साल 2016 में दोनों फिर से साथ आ गए, लेकिन इस बार उन्होंने दोबारा सगाई नहीं की।



# टायरेस ने की शिव की पूजा चढ़ाया दूध; मार्टिन को किया याद

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और सिंगर टायरेस गिब्सन हाल ही में भारत आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक संदेश शेयर करते हुए अपनी भारत की यात्रा को 'जिंदगी बदलने वाला' और एक आध्यात्मिक सफर बताया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत का यह सफर उनके जीवन के एक बड़े और प्रेरणादायक बदलाव की शुरुआत है। टायरेस गिब्सन ने इंस्टाग्राम पर मुंबई के एक मंदिर की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिसमें वह शिवलिंग पर दूध चढ़ाते और आरती करते नजर आ रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने साल 1959 में डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर की भारत यात्रा का जिक्र किया। टायरेस ने लिखा, 'डॉ. मार्टिन लूथर किंग भी गांधी जी के विचारों को समझने भारत आए थे। उन्होंने कहा था कि ईसा मसीह ने उन्हें प्यार करना सिखाया, लेकिन महात्मा गांधी ने उन्हें अहिंसा का रास्ता दिखाया। उस यात्रा ने इतिहास बदल दिया था।'



# उर्वशी पर चढ़ा फुटबॉल वर्ल्ड कप का बुखार

**मुंबई।** इन दिनों देश और दुनिया भर के फुटबॉल फैंस खुशी से झूम रहे हैं। फीफा वर्ल्ड का खुमार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी फीफा वर्ल्ड कप के रंग में रंग गई है। एक्ट्रेस ने डांस वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों को अपना सपोर्ट दिखा रही हैं। उर्वशी ने रविवार को एक डांस वीडियो पोस्ट किया, इसमें वह कई चर्चित फुटबॉलर के सिग्नेचर स्टेप्स को डांस फॉर्म में कर रही हैं। जहां तक सपोर्ट की बात है तो उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'यूआर7 (उर्वशी रौतेला) की तरफ से रोनाल्डो यूआर 7 के लिए...।' इस तरह उर्वशी ने बता दिया कि उनके पसंदीदा फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। उनका जर्सी नंबर 7 हैं। उर्वशी रौतेला पिछले दिनों कान फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक के लिए चर्चा में रहीं।



# भगवान राम व हनुमान से प्रेरित हैं रोल

**मुंबई।** 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी को दर्शकों का काफी प्यार मिला। इसकी दोनों फिल्में हिट रहीं। सर्किट और मुन्नाभाई की जोड़ी खूब पसंद की गई। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने खुलासा किया कि ये दोनों किरदार भगवान राम और प्रभु हनुमान से प्रेरित हैं। मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी का कहना है कि मुन्ना और सर्किट के किरदारों के बीच का रिश्ता ही उनकी 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी की लोकप्रियता की वजह है। राजू हिरानी ने हाल ही में तीसरे पार्ट पर बात की और कहा कि तीसरी फिल्म तभी आएगी, जब उन्हें कोई जबर्दस्त आइडिया मिलेगा। बता दें कि राजकुमार हिरानी ने साल 2003 में 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया। साल 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्नाभाई' आया। दोनों फिल्मों को दर्शकों से खूब प्यार मिला।

## टीवी मसाला



# सुनीता ने खटपट की खबरों के बीच गोविंदा पर फिर कसा तंज

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के पहले ही एपिसोड में टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने अपने अलगाव की खबर सुनाईं। वहीं, हर्षद चोपड़ा ने गर्लफ्रेंड से मिले धोखे की कहानी को बयां किया। इनके अलावा गोविंदा की पत्नी सुनीता ने भी इस शो पर ऐसी बातें कहीं, जो सुर्खियों में आ गई हैं। लॉकअप 2 के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख ने सुनीता के सामने एक खबर पढ़कर सुनाई। यह बयान सुनीता का ही था। खबर में लिखा था, 'जब तक पति पत्नी साथ हों तो अंखियों से गोली मारे। जब थर्ड पार्टी आ जाए तो घुटनों पर गोली मारे।'इस पर सुनीता ने जवाब दिया, 'सुन रहे हो चीची (गोविंदा) तो सुन लेना। घुटनों पर गोली तभी लगती है जब कोई लाइफ में आ जाती है। वो भी मैंने झूठ नहीं बोला।'वह आगे कहती हैं, 'वैसे मेरा निशाना मिस नहीं होता है।' इस बात पर फराह भी कहती हैं कि सुनीता ने कहा था कि वह घुटनों पर नहीं सीने पर गोली मारती। बता दें कि गोविंदा को घर पर बंदूक साफ करते हुए घुटनों पर गोली लग गई थी। वह कई दिन हॉस्पिटल में रहे। इसी बात पर अब सुनीता ने तंज कसा है। कुछ महीने पहले सुनीता आहूजा ने एक पॉडकास्ट में अपने और गोविंदा के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। इस बातचीत में उन्होंने गोविंदा पर धोखा देने का आरोप लगाया। पत्नी सुनीता के आरोपों पर गोविंदा ने खुलकर बात की है। अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया था।

## तलाक की खबर को लेकर ट्रोल्स के निशाने पर गौरव-आकांक्षा

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' विनर और टीवी के चर्चित एक्टर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा ने रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में अपने अलगाव की बात सामने रखी। इस खबर को सुनकर फैंस चौंक गए। इस वजह से गौरव और आकांक्षा को ट्रोल भी कर रहे हैं। रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के शुरुआती एपिसोड में आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह लगभग एक साल से पति गौरव खन्ना से अलग रह रही हैं। दोनों अलग होने की सोच रहे हैं। बीते दिनों इस कपल को जिस तरह से फैंस ने एक साथ देखा था, उससे अंदाजा लगाना मुश्किल था कि इनका डिवोर्स होने वाला है। वहीं, कुछ यूजर्स इस पूरे मामले को एक पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। एक यूजर ने गौरव और आकांक्षा के डिवोर्स की खबर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'कोई डिवोर्स नहीं हो रहा है, टीआरपी और लाइमलाइट में आने के लिए हो रहा है।



# 'गुलाबी साड़ी' गाने में रितेश और अंजलि का तगड़ा डांस...


**मुंबई।** अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख जैसे कलाकारों से सजी फिल्म 'धमाल 4' का एक और गाना रिलीज हो गया है। संजू का 'गुलाबी साड़ी' नया ट्रैक है जिस पर फैंस भी झूम रहे हैं। गाने में अंजलि आनंद और रितेश ने कमाल का डांस किया है। 'धमाल 4' के रिलीज होने में दो हफ्ते से भी कम समय बचा है और इसका प्रमोशन जोर-शोर से चल रहा है। इसका ट्रेलर लॉन्च 12 जून को मुंबई के बाहरी इलाके में मौजूद मशहूर एम्यूजमेंट पार्क, 'इमैजिका' में हुआ था। अब हम आपके लिए 'धमाल 4' का एक और नया गाना लेकर आए हैं जो रविवार को ही रिलीज हुआ है और फैंस को ये खूब पसंद भी आ रहा है। 27 जून को रितेश देशमुख और अंजलि आनंद मुंबई के एक मॉल में 'धमाल 4' के गाने 'साड़ी' को बड़े शानदार तरीके से लॉन्च करने आए। दोनों कलाकारों ने मिलकर इस गाने पर लाइव परफॉर्मेंस दी और स्टेज पर धूम मचा दी। 'धमाल 4' का नया गाना है 'गुलाबी साड़ी', जिसे संजू ने गाया है जिन्होंने अपना ही ओरिजिनल वर्जन भी गाया था। उन्होंने इस गाने में भी मस्ती का तड़का लगाया है। गाने में अंजलि आनंद और रितेश देशमुख डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। संजीदा शेख और अरशद वारसी भी इसमें हैं। अजय देवगन के सीन्स भी गाने में दिखाए गए हैं। 'साड़ी' मशहूर मराठी गाने 'गुलाबी साड़ी' का एक जोशीला, रीक्रिएटेड हिंदी वर्जन है, जिसे संजू राठौड़ ने गाया, कंपोज और लिखा है। इस गाने को भी उन्होंने ही आवाज दी है और वो वीडियो में दिखे भी हैं। इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी 'धमाल 4' में इस फ्रैंचाइजी की कास्ट – अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी की वापसी हो रही है।



# वाराणसी में रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और बाप-बेटे की कहानी

नई दिल्ली। फिल्ममेकर एसएस राजामौली अभी फिल्म 'वाराणसी' की चल रही शूटिंग से ब्रेक लेकर यूरोप के दौरे पर हैं। फ्रांस में हुए एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्में 'आरआरआर' और 'ईगा' दिखाई गईं। डायरेक्टर ने एक मास्टरक्लास में अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात की और कन्फर्म किया कि 'बाहुबली' के उलट, यह फिल्म किसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं, बल्कि एक स्टैंडअलोन फिल्म होगी।

बातचीत के दौरान, राजामौली ने बताया कि दर्शक 'वाराणसी' से क्या उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'आप अंटार्कटिका की ठंड और बर्फ का अनुभव करेंगे। रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और शानदार फैक्ट्स - यही सब अनुभव आपको मिलेगा, लेकिन इन सबके केंद्र में पिता और पुत्र की भावनाएं हैं। यही सब मिलकर आपके लिए 'वाराणसी' बनाते हैं।' जब राजामौली से पूछा गया कि यह प्रोजेक्ट एक ही फिल्म होगी या कोई फ्रेंचाइजी, तो उन्होंने जवाब दिया, 'एक फिल्म। हां, एक फिल्म।' जब टीजर रिलीज हुआ, तो राजामौली ने यह भी बताया कि महेश बाबू फिल्म के एक सीन में भगवान राम का किरदार निभाएंगे। बाद में, राइटर विजयेन्द्र प्रसाद ने फिल्म के 30 मिनट के एक सीन के बारे में हिंट देते हुए कहा, 'यह राम और कुंभकर्ण के बीच की लड़ाई है। आपने ट्रेलर में देखा होगा, है ना? आपने राम और कुंभकर्ण को देखा। आपने भगवान हनुमान की पूंछ और उस पर एक रथ देखा। मैं उसी की बात कर रहा हूं... जो हैरान कर देने वाला है।' 'वाराणसी' हाल के सालों की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। राजामौली ने हाल ही में बताया कि फिल्म के मेन एक्शन सीन पहले ही पूरे हो चुके हैं और अक्टूबर तक शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है। यह फिल्म अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एसएस राजामौली के निर्देशन और विजयेन्द्र प्रसाद की लिखी कहानी वाली 'वाराणसी', 'आरआरआर' की ग्लोबल सफलता के बाद इस फिल्ममेकर की पहली फीचर फिल्म है।



# 75 साल पहले गुरुदत्त ने बनाई थी भारत की पहली क्राइम नॉयर

**मुंबई।** गुरुदत्त का नाम आते ही प्रेम और विरह, दर्द और संवेदना, दया और करुणा, मासूमियत और बेबसी जैसे शब्दों को परदे पर उतारनेवाले दृश्य याद आने लगते हैं। याद आती हैं उनकी फिल्में साहिब बीबी और गुलाम, प्यासा और कागज के फूल। ऐसा लगता है कि कम ही लोग इस बारे में जानते होंगे कि गुरुदत्त ने सिर्फ दर्द और संवेदना वाली फिल्में ही नहीं बनाई बल्कि उनकी शुरुआती फिल्में क्राइम स्टोरीज पर आधारित थीं।



### प्रेम कथाओं के समांतर एक अपराध कथा

डा. रजनी के पिता को ये मंजूर नहीं था। बदलते घटनाक्रम में रजनी का एक पुलिस इंस्पेक्टर से विवाह हो जाता है। बहन के इलाज के लिए पैसों की जरूरत मदन को लीना के पास ले जाती है। लीना से मिलकर वो उसके बॉस के लिए काम करने की हामी भर देता है। दोनों एक-दूसरे से अपना सुख-दुख बतियाते हैं। कहानी आगे बढ़ती है और एक दिन लीना की हत्या हो जाती है। जिस रिवाल्वर से उसकी हत्या होती है उसपर मदन की अंगुलियों के निशान पाए जाते हैं।

### न्वार मूवमेंट का हिस्सा मानी गई बाजी

यह वही दौर था जब देश में क्राइम स्टोरीज को लेकर एक खास किस्म की उत्सुकता का वातावरण था। अपराध कथाओं पर आधारित उपन्यास खूब बिक रहे थे। उधर हॉलीवुड में फिल्म न्वार मूवमेंट शुरू हो चुका था। इस तरह की फिल्मों का नायक कुटिल भी होता था, उसका कैरेक्टर संदेहास्पद होता था लेकिन जो दिखता था वो उससे अलग होता था। इन फिल्मों में ब्लैक एंड व्हाइट फ्रेम का यूज होता था। फ्लैशबैक और वायस ओवर के साथ नैरेशन इस तरह की फिल्मों में एक अलग ही तरह का प्रभाव पैदा करता था। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के वैश्विक परिदृश्य में इस तरह की फिल्में बननी शुरु हुई थी। हिंदी फिल्मों की दुनिया पर भी इसका असर दिखा।

### गुरुदत्त की पहली फिल्म

जब गुरुदत्त फिल्मों में काम करने आए थे तो उन्होंने क्राइम स्टोरीज पर फिल्म बनाने वाले ज्ञान मुखर्जी के साथ काम किया था। फिल्म निर्देशन की बारीकियां उनसे ही सीखीं। देवानंद की फिल्म कंपनी नवकेतन के लिए गुरुदत्त को पहली बार फिल्म निर्देशित करने का अवसर मिला। फिल्म थी 'बाजी',जो 1 जुलाई 1951 को प्रदर्शित हुई थी। गुरुदत्त 39 की उम्र में दुनिया से चले गए । कम उम्र में ही उन्होंने कई कल्ट फिल्में बनाईं जिनका विश्लेषण अब भी होता रहता है। इन कल्ट मानी जाने वाली फिल्मों के अलावा गुरुदत्त ने क्राइम पर आधारित चार फिल्में बनाई -बाजी, जाल, बाज और सैलाब।

**आम सूचना**

मैं अपने मुव्वकील की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर इस आम सूचना का प्रकाशन करवा रहा हूँ कि मेरे मुव्वकील ने मौजा उस्लापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. एवं तहसील सकरी, ब्लॉक तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित प्लाट को खरीदने के उद्देश्य से अग्रिम राशि दे दिया है जिसका निकट भविष्य में पंजीकृत बैनामा किये जाना है (1) विक्रेता - वर्षा तीर्थानी पति श्री दयानंद तीर्थानी निवासी वार्ड क्र.47 मुक्तिधाम चौक तीर्थानी गली नं.2 नया सरकंडा के हक एवं स्वामित्व के डायवर्टेड भूमि जो उस्लापुर में स्थित है जिसका खसरा नं. 126/10, 127/9 कुल क्षेत्रफल 2400 वर्गफूट प्लाट (2) विक्रेता - रिचा मोटवानी पिता श्री नंदलाल मोटवानी विवाह उपरान्त अंशुल हरियानी पति श्री मुकेश हरियानी कस्तुरबा नगर गीतांजली अपार्टमेंट के पीछे सिंधी कॉलोनी बिलासपुर के हक एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जो उस्लापुर स्थित है खसरा नं. 126/44 कुल 2400 वर्गफुट कृषि भूमि इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को किसी बैंक या वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था या छत्तीसगढ़ शासन किसी न्यायालय को इन दोनों सौदे से कोई भी आपत्ति हो या कोई भी दावा शेष हो तो दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष 1 सप्ताह के अंदर अपनी आपत्ति या दावा दर्ज करा सकता है निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति या दावा मान्य नहीं होगा एवं दोनो प्लाट का पंजीकृत बैनामा करवा लिया जायेगा । सो सूचना जाने ।

एडवोकेट केशव श्रीवास्तव
शनिचरी रोड, गोड़पारा
आर्या समाज मंदिर के बगल में, बिलासपुर
मो. 9303137829

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा नरेश प्रसाद साहू उम्र 56 वर्ष पिता श्री इतवारी साहू निवासी मकान नं 376 वार्ड नं 06 गली नं 05 न्यू डबल स्टोरी हरद, तहसील व जिला अनुपपुर म.प्र. के नाम पर भूमि व निर्मित पक्का मकान विवेकानंद नगर फेश 01 स्थित मौजा मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.म. मोपका विकासखण्ड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि का खसरा नं. 513/18 रकबा 1200 वर्गफीट भूमि हैं जिसमें 700 वर्गफुट भूतल एवं 435 वर्गफुट में प्रथम तल मकान निर्मित हैं जिसको मैं पक्का सौदा कर लिया गया है व निकट भविष्य में रजिस्ट्री प्रस्तावित हैं। इस बाबत यदि किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रशासन के साथ 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने

भवदीय
गायत्री साहू
पति श्री विजय साहू
महामाया पारा, रतनपुर
जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़
मो.न. 6265105949,9131596900

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क/क/रा.नि./2026
जूना बिलासपुर दिनांक 15.04.2026

1. तनवीर अहमद खान 2. शारदा कुजूर 3. शान्ति कटले 4. सुंदर बाजपेयी 5. भोला गढ़ेवाल पिता संतोष अन्य हितबद्ध पक्षकार (समीप भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषय : सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्

संदर्भ : न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क/तह/वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक 08/06/2026

आवेदक तनवीर अहमद खान निवासी जरहाभांठा के द्वारा ग्राम जरहाभांठा प.ह.नं.38 जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 124/38 रकबा 0.0180 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 30/06/26 को समय 11-5 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बांस गीत गाथा अकादमी की बैठक आज

**मुंगेली।** बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा यादव भवन पेंडाराकापा में 29 जून को बैठक आयोजित की गई है। जिसमें अंचल के सभी बांस गीत कलाकारों का सम्मान होगा। कलाकार अपने लिए तहसील व जिला स्तर पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी का चयन करेंगे। अकादमी के प्रदेश सचिव संतोष कुमार यादव ने बताया कि यह बैठक एकता की मिसाल होगी क्योंकि इस बैठक में मुंगेली जिले में सक्रिय सभी सामाजिक संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। जिनकी उपस्थिति में देशहा यादव समाज जिला मुंगेली के गठन के संबंध में चर्चा परिचर्चा होगी। उक्त बैठक में मुंगेली जिले में कार्यरत सभी संगठन के सर्व पदाधिकारी, समस्त गौंटिया देवान, समस्त समाज प्रमुख जिले में निवास रत समस्त बांस गीत कलाकार बांस वादक व गायक एवं समस्त यादव बंधु जिला मुंगेली उपस्थित रहेंगे।

### 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए श्रद्धालु



**लोरमी।** ग्राम रहंगी में गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कलश यात्रा पूरे गांव में निकाली गई। शाम रात्रि को महिला मण्डली के द्वारा भजन कीर्तन किया। हवन पूजन व अनेक प्रकार के संस्कार किए गए और शाम को दीप यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के बड़ा उत्साह के साथ लोग शामिल हुए।

### कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात



**सरगांव।** बिल्हा विधानसभा सरगांव मण्डल के बूथ क्रमांक 114 बिदबिदा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस मौके पर प्रदेश सह संयोजक किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ रिज़वान हक़, शक्ति केंद्र सह संयोजक बिसई राजपूत, सरपंच बिदबिदा अनिल राजपूत, बूथ अध्यक्ष मनोज राजपूत, लालजी ठाकुर, रामनाथ राजपूत, रूपेंद्र कौशिक, आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### लिमतरा में सुनी गई मोदी के मन की बात



**मस्तूरी।** विधानसभा के देवरीखुर्द मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत लिमतरा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना और सराहा। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, मंडल अध्यक्ष रवि बरगाह ,झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी पल्लव धर, जिला सहसंयोजक ईश्वर यादव , विवेक पांडे, प्रकाश अवस्थी, पवन श्रीवास, सुबोध लहरें, मंडल युवा मोर्चा महामंत्री रवि सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी पवन चंद्राकर तथा ग्राम पंचायत लिमतरा के सरपंच दीपचंद वस्त्रकार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सत्यापन व काउंसलिंग के लिए तिथियां निर्धारित

मुंगेली। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में प्रावीण्य सूची मेरिट लिस्ट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग हेतु तिथियां निर्धारित की गई है। विद्यार्थी विकासखण्ड स्तर हेतु 30 जून से 1 जुलाई तथा जिला स्तर हेतु 2 जुलाई को जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में काउंसलिंग करा सकेंगे।


## निधन

### अशोक श्रीवास



**बिलासपुर।** हरदी कला टोना के प्रतिष्ठित नागरिक अशोक श्रीवास का लगभग 57 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरदी कला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे आदित्य श्रीवास के पिता थे।

### अरुण कुमार पाण्डेय



**बिलासपुर।** गंगा नगर फेज 2 निवासी अरुण कुमार पाण्डेय, सुपुत्र जगन्नाथ प्रसाद पाण्डेय ग्राम रामपुर-बछेरा वाले का 28 जून को निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। वे श्रीमती शोभा पाण्डेय के पति, सोनल, समीर एवं स्वाति के पिता, रवीन्द्र पाण्डेय व प्रफुल्ल पाण्डेय के बड़े भाई तथा अभिषेक पाण्डेय के बड़े पापा थे। उनका अन्तिम संस्कार 28 जून को मुक्तिधाम सरकण्डा में किया गया।

## डिप्टी सीएम ने 8 गांवों में जनचौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

- 20 लाख से अधिक के विकास कार्यों की घोषणाओं की सौगात

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अचानकमार के 8 वनांचल ग्रामों में जनचौपाल में ग्रामीणों से संवाद कर समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। श्री साव ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ग्राम जकड़बांधा, सुरही, बम्हनी, कटामी, छपरवा, बिंदावल, अचानकमार में जन चौपाल लगाई। साथ ही महिलाओं, किसानों और युवाओं से संवाद कर विकास कार्यों की जानकारी भी दी और उनसे प्राप्त सुझावों पर अमल करने अधिकारियों को निर्देश दिए। जनचौपाल कलेक्टर, डीएफओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनचौपाल के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये की सहायता मिल रही है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों का पक्का घर का सपना पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिवतराई से केवची एवं बिजराकछार से औरापानी सड़क निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। बारिश के बाद कार्य शुरू होगा। साथ ही ग्रामीणों से प्राप्त सभी आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।



### लोरमी को मिली 7 करोड़ की सौगात

उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर नगर के 18 वार्डों के 86 विकास कार्यों हेतु 7.42 करोड़ की ऐतिहासिक स्वीकृति की गई। नगर के समग्र अधोसंरचना विकास को नई गति देते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री तथा स्थानीय लोरमी विधानसभा के विधायक अरुण साव के विशेष प्रयासों से नगर पालिका परिषद लोरमी के 18 वार्डों में अधोसंरचना विकास के 86 कार्यों के लिए 7 करोड़ 42 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्यो मे सीसीरोड, पेवर ब्लाक,आरसीसी पक्की नाली एवँ थाना परिसर का बाउंड्री वाल सहित अन्य आवश्यक कार्य शामिल हैं।

### विकास कार्यों की घोषणा की

जनचौपाल में विकास कार्यों की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई। ग्राम जमुनाही में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, जकड़बांधा में मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, गणेश पंडाल के लिए शेड निर्माण के लिए 3 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। ग्राम सुरही में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये एवं बिंदावल में 5 लाख रुपये की घोषणा की। छपरवा और बिंदावल में हाईमास्ट लाइट की स्वीकृति की जानकारी दी। बिंदावल की रामायण मंडली को वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। आठों गांवों में क्रिकेट टीम को क्रिकेट किट प्रदान की।

### अफसरों को दिए सख्त निर्देश

उप मुख्यमंत्री ने बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। जमुनाही में हैंडपंप स्थापना, पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था और सड़क मरम्मत, कटामी में सोलर बैटरी बदलने, नए हैंडपंप और स्कूल में ट्यूबवेल खुदाई, छपरवा में सोलर ट्यूबवेल तथा बिजली व्यवस्था सुधारने और बिंदावल में सोलर आधारित पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वनांचल के किसी भी गांव में बिजली और पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए।

### पुलिस ने जब्त किया गांजे का पौधा, आरोपी गिरफ्तार



**जरहागांव।** स्थानीय पुलिस ने गांजे की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। आरोपी की बाड़ी से 3 नग गांजे का पौधा बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने ऑपरेशन बाज के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम अमोरा निवासी 60 वर्षीय भैयालाल धुरी को अवैध रूप से गांजा की खेती करते गिरफ्तार किया है। आरोपी की सब्जी बाड़ी से 3 नग हरे गांजे के पौधे (कुल वजन 3.650 किलोग्राम) बरामद किया गया, जिनकी कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ए) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन बाजर के तहत की गई।

### सहकारी सप्ताह का आयोजन आज से 6 जुलाई तक

**मुंगेली।** सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार 29 जून से 6 जुलाई तक पूरे देश में सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय, राज्य, जिला, विकासखंड तथा प्राथमिक सहकारी समितियों के स्तर पर सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने, सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने तथा आमजन की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिले में सहकारी सप्ताह के माध्यम से सहकार से समृद्धि की भावना को साकार करने के लिए सहकारी क्षेत्र की उपलब्धियों, नवाचारों एवं योगदान को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवधि में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, किसान संगोष्ठी, स्वास्थ्य शिविर, सहकारिता सम्मेलन, जागरूकता कार्यक्रम, हितधारक संवाद तथा विभिन्न जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 29 जून को सप्ताह के प्रथम दिवस जिले की समस्त पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों में सहकारी ध्वज रोहण, सहकारिता संबंधी उद्बोधन, सहकारी शपथ एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा।

### कन्नौजे रजक समाज ने कौशिक का जताया आभार



**बोदरी।** कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति भटगांव परिक्षेत्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक एवं समाज के संरक्षक धरमलाल कौशिक के परसदा स्थित निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी जय रजक ने कहा कि विधायक धरमलाल कौशिक हमेशा रजक समाज के विकास के बारे में सकारात्मक सोच रखते हैं। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत निर्णेजक, टीकाराम निर्णेजक, महाराम रजक, अरुण निर्णेजक, सचिव बलराम रजक, कोषाध्यक्ष मोहित रजक, जय रजक, दिलीप रजक, गितेश निर्मलकर, राकेश रजक, गंगाप्रसाद, मोहन निर्णेजक, ईश्वर रजक, मनोज रजक सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## टेकनीशियन ने एंबुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

**भर्रीडांड़।** रविवार को एंबुलेंस में मौजूद टेकनीशियन ने गर्भवती महिला सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों सुरक्षित हैं। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत करहनी निवासी महिला शकुंतला पति भीमसेन उम्र 25 को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी में भर्ती कराया गया था ,जहां डिलीवरी न हो पाने के कारण सीएचसी मरवाही रेफर कर दिया गया। मरवाही अस्पताल में भी पोस्ट डेटेड लेबर (प्रसव डेट से अधिक समय) हो जाने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पर उक्त महिला को परिजन डायल 108 की मदद से जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी अचानक रास्ते में महिला को अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने लगी और वह दर्द से छटपटाने लगी जिसे देखकर ड्यूटी पर तैनात आपातकालीन स्टाफ ईएमटी गणेश्वर प्रसाद ने परीक्षण करने का फैसला किया, प्रसव पीड़ा अत्यधिक होने के कारण तथा त्वरित प्रसव के लक्षण दिखाई देने के कारण रास्ते में सोन नदी पुल के ऊपर मितानिन एवं पायलट भूपत सिंह की मदद से महिला का सफल प्रसव कराया गया।



## डिजिटल युग में संगठन को मिलेगा नया विस्तार



**सीपत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सीपत मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डीएलपी कार्यक्रम की बिलासपुर संभाग प्रभारी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका आयुषी पांडे उपस्थित रहीं। उनके साथ बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी तथा जिला महामंत्री एवं डीएलपी कार्यक्रम के मंडल प्रभारी तुषार चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ललित यादव, भाजपा मंडल महामंत्री हरिकेश गुप्ता, जयशंकर साहू, यश गौराहा, भव्या शुक्ला एवं नेहा कोरी, महेन्द्र कुमार पाटनवार, उमेश पाटनवार, मनीष पाटनवार एवं पूरन सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वैभव तंबोली, ओमप्रकाश साहू एवं शुभम यादव, मिथलेश श्रीवास एवं भूपेन्द्र गिरी गोस्वामी, दिनेश साहू एवं मनीष जायसवाल, कोषाध्यक्ष चंद्रहास साहू, सोनू निर्मलकर, दुर्गेश खुसरो, सुमित जायसवाल, मणिशंकर साहू, परमेश्वर रजक, पवन पटेल, ओंकार साहू एवं युवराज नेटी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा कि आज का दौर डिजिटल युग का है। संगठन तभी मजबूत होगा, जब उसका प्रत्येक कार्यकर्ता वैचारिक रूप से समृद्ध होने के साथ-साथ तकनीकी रूप से भी दक्ष होगा।

## मोछ स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**तखतपुर।** हायर सेकेंड्री स्कूल मोछ में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक एवं मिठाई बांटकर तथा पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। इस वर्ष लगभग 162 बच्चे 9 वी कक्षा में प्रवेश कर चुके हैं और लगभग 45 बच्चों के पालकों द्वारा प्रवेश फार्म लिया जा चुका है। बीते वर्ष का परीक्षा परिणाम 12वीं 100% एवं 10वीं का परीक्षा परिणाम 92% रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार सिंगरौल जनपद सदस्य, अध्यक्षत संतोष गौरहा विनीता सिंहा प्राचार्य हायर सेकेंड्री स्कूल मोछ, कमल कश्यप सरपंच प्रतिनिधि मोछ, प्रेमलाल सिंगरौल, देवा सिंगरौल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत चितावर, ओंकार सिंगरौल सरपंच ग्राम पंचायत गिरधौना, महेंद्र सोनी सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत खैरी, संतोष सिंगरौल, बदन लाल नवरंग, कौशल साहू, रामलखन साहू, गीताराम, सुखदेव, सुरेंद्र, रामानंद एवं स्कूल स्टॉफ डॉ. विभा तिवारी, अदिति चौहान, आरती चतुर्वेदी, संध्या पांडेय, एल श्रीदेवी, जया पिल्ले, संगीता कौशिक, रविंद्र खूंटे सहित बच्चे उपस्थित थे।

## सराफा एसोसिएशन के राबिन बने अध्यक्ष



**पेंड्रा।** सराफा एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को गौरेला में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में सराफा व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में राबिन सोनी (गौरेला) ने शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 30 मतों में से 23 मत प्राप्त हुए। वहीं सचिव पद पर दीपक सोनी (सन्नी) पेंड्रा तथा कोषाध्यक्ष पद पर नितेश जैन (टिंकू) पेंड्रा निर्वाचित हुए।चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ व्यापारी सुनील सोनी तथा जिला प्रमुख एवं जिला सह-संयोजक विनोद सोनी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और सहयोग रहा। जीत के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष राबिन सोनी ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने, समाज को नई दिशा देने तथा व्यापार में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सभी पदाधिकारी मिलकर कार्य करेंगे।

चुनाव कार्यक्रम में विनोद सोनी, दीपक (सन्नी) सोनी, नितेश जैन, पवन सोनी, विजय सोनी, पंकज सोनी, लक्की सोनी, प्रदीप सोनी, शुभ सोनी, सोनू सोनी, मनीष सोनी, प्रणय सोनी, संदीप सोनी, संजीत सोनी, राहुल सोनी, सरद काटकर, राम सोनी, सिवा सोनी, संजू सोनी, सुदामा सोनी एवं अविनाश सोनी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### विभिन्न वार्डों में पिलाई गई पोलिया ड्राप



**तखतपुर।** भारत को पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त बनाए रखने के संकल्प के साथ केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान वार्ड क्रमांक 4 में भी बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी में वार्ड 4 पार्षद शैलेंद्र निर्मलकर ने पहुंचकर कार्यकर्ता और सहायिका के साथ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की 2 बूंद दवा पिलायी गई। वहीं वार्ड क्रमांक 3 पार्षद कोमल सिंह ठाकुर सुबह से ही बूथ पर उपस्थित रहे। स्वयं अपने हाथों से छोटे-छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया तथा वार्ड 9 में पार्षद परमजीत लवली हूरा ने भी आंगनबाड़ी पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।

### पोलियो मुक्त भारत के संकल्प में एनएसएस की सहभागिता



**बिलासपुर।** सकरी स्थित उषा देवी मेमोरियल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत विभिन्न पोलियो बूथों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। स्वयंसेविकाओं ने स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने तथा अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 86, चांटीडीह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शारदा साहू के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका वर्षा साहू ने सहयोग प्रदान किया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, ग्राम–जोंकी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अन्नपूर्णा तिवारी के साथ स्वयंसेविका समृद्धि तिवारी ने अपनी सेवाएँ दीं। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 42, शिवाजी मार्ग, टिकरापारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशि बरगाह के साथ स्वयंसेविका रीना यादव ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना ताम्रकार ने स्वयंसेविकाओं की सेवा भावना एवं समर्पण की सराहना की। यह अभियान अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ललित प्रकाश पटेरिया के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### मोपका में पोलियो की दवा पिलाई गई



**बिलासपुर।** मोपका स्थित जनपद प्राथमिक शाला दुर्गा पंडाल विवेकानंद नगर, ईट भट्ठा कुटी पारा, पुलिस चौकी में पल्स पोलियो की दवा शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई गई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। जनपद प्राथमिक शाला में मितानिन मीना केवरा एवं रूपा साहू ने सहयोग किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 47 के पार्षद मोहन श्रीवास भी उपस्थित थे। जनपद प्राथमिक शाला मुर्गा में 253 बच्चों को दवा पिलाई गई।

### जनसहयोग से चला प्लस पोलियो अभियान




**पथरिया।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को नगर पथरिया सहित आसपास के क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई गई। अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया सहित विभिन्न पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक देकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, बलराम जायसवाल, सभापति इंद्रजीत यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविन्द्र बघेल, बीएमओ डॉ. अमित लाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### पेंड्रा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**पेंड्रा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पेंड्रा में नपा अध्यक्ष राकेश जालान के मुख्य आतिथ्य में अभियान का शुभारंभ नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राकेश चतुर्वेदी, डॉ. ए. आई. मिंज सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका परिषद अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि "पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक अभिभावक को अपने पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए।

## डीईओ के निरीक्षण में बंद मिले स्कूल




**मुंगेली।** शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने जिले के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला केसली, पूर्व माध्यमिक शाला टेढ़ाधौरा एवं हाई स्कूल टेढ़ाधौरा निर्धारित समय से पहले बंद पाए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में न तो शिक्षण कार्य संचालित होता मिला और न ही शिक्षक एवं संस्था प्रमुख उपस्थित पाए गए। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित सभी शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**बिलासपुर।** तिफरा स्थित ग्रेंड लोटस में टेंट का काम कर रहा युवक करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथ में काम करने वाले युवकों ने उसे सिम्स ले कर गए लेकिन डाक्टर ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। सिम्स चौकी के अनुसार करंट लगने के बाद एक मृत युवक को सिम्स लाया गया था, बताया जा रहा है कि चांटीडीह निवासी रौशन होटलों में टेंट का काम करता है, वह तिफरा स्थित ग्रेंड लोट्स में लोहे के पाइप पर कपड़ा बांध रहा था, इस दौरान उसके साथियों ने टेबल लेने के लिए भेजा, लोहे को छूते ही उसे जोरदार करंट का झटका लगा, जिससे वह चिपक गया जब तक अन्य साथी उसे बचा पाते तब तक वह बेहोश हो गया था। उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद दोपहर को मरच्यूरी में उसका पीएम किया गया और शव को पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

### चोरी: दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मोबाइल व किराना दुकान में चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 25 हजार का सामान जब्त किया गया है।सीपत पुलिस के अनुसार, 26 जून को मचखंडा निवासी प्रहलाद कुमार साहू पिता स्व. सोनू साहू 33 साल के मोबाइल व किराना दुकान में चोरों ने धावा बोलकर मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर सरकण्डा बिजौर बिटुपारा निवासी सूर्यप्रकाश सूर्यवंशी पिता अंगद राम 18 साल व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर चोरी के 5 नग मोबाइल कीपेड, 1 मोबाइल, 2 ब्लूटूथ स्पीकर, 3 ईयर बर्ड, प्लीप कव्हर, परफ्यूम, सिगरेट सहित 25 हजार का सामान जब्त कर लिया है।

### लालखदान ब्रिज पर युवक को बेल्ट से पीटा

**बिलासपुर।** बीती रात लालखदान ब्रिज पर बाइक सवार युवकों ने एक युवक के साथ हाथ मुक्का बेल्ट से जमकर मारपीट की गई है। पुलिस पीड़ित युवक से रिपोर्ट लिखाने कहती रही, किन्तु पीड़ित रिपोर्ट नहीं लिखाने की बात लिखित में देकर थाने से चला गया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, कपिल नगर निवासी हितेश पटेल 27 जून को तोरवा बस्ती दोस्त से मिलने जा रहा था। छठघाट के पास उसका दोस्त मिल गया। इसी दौरान तेज बारिश होने से दोनों रूक गए थे। बारिश बंद होने पर उसका दोस्त अपने घर चला गया और हितेश लालखदान चला गया। ओवरब्रिज से नीचे उतरने पर रास्ता भटक जाने पर वह बाइक मोड़कर लौट रहा था। ब्रिज के उपर बाइक सवार दो युवक आए और उसके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। सूचना पर तोरवा पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे गई। पुलिस पीड़ित युवक को रिपोर्ट लिखाने के लिए मिन्नत करती रही, किन्तु युवक ने घटना की लिखित सूचना देकर रिपोर्ट नहीं लिखाने की बात लिखकर थाने से चला गया।

### जेल में एक बुजुर्ग कैदी की मौत से सनसनी

**बिलासपुर।** जेल में हत्या के बाद एक अन्य बुजुर्ग कैदी की मौत होने पर सनसनी फैल गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सेंट्रल जेल में मुंगेली निवासी जनक राम पिता ईतवारी 61 साल हत्या के मामले में सजा काट रहा था। 28 जून को उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है उसे चोट आई थी। देर शाम इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गई है। मृतक का शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। सिविल लाइन पुलिस को सिम्स से मिले मेमो में गिरने से चोट लगने पर मौत होने का कारण लिखा हुआ है। सोमवार को परिजन की उपस्थिति में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम किया जाएगा। ज्ञात हो कि इसके पहले 23 जून 2026 को केंद्रीय जेल के ई - 1 बैरक में लेटे पाक्सो एक्ट के बंदी कोटा दबनपुर निवासी नीलू जगत पिता देवलाल जगत 27 साल की तीहरे हत्याकांड की कैदी मुंगेली चमारी निवासी राजेश राय पिता हरि राय 40 साल ने सीमेंट के स्लैब से ताबड़तोड हमलाकर जघन्य हत्या कर दी थी। लगातार कैदियों के मौत से जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहा है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर 16 हजार 500 रुपए जब्त किया है।
कोटा पुलिस ने घोंघाडीह नाला के पास दबिश देकर जुआ खेलते राजा रजक कोटा, आदित्य बंजारे कपसियाकाल, सूरज कश्यप कपसियाकला, नितेश साहू फिरंगीपारा कोटा, सोमनाथ शर्मा पुरानी बस्ती कोटा, कमलेश केंवट नेवरा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 16 हजार 500 रुपए जब्त किया गया है।

---

**200 से अधिक स्कूल संचालकों को नोटिस** | **स्कूलों पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे मनमानी फीस वसूली की शिकायतें**

# कोई भी खोल सकता है प्ले स्कूल, इनके लिए गाइडलाइन न नियम, न पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के नाम पर बड़ी संख्या में प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनके संचालन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट नियम, कानून या गाइडलाइन तय नहीं की गई है। न तो इन संस्थानों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता है, न शिक्षकों की योग्यता तय है और न ही बच्चों की सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं को लेकर कोई मानक निर्धारित हैं। ऐसे में वर्तमान में कोई भी प्ले स्कूल खोलकर उसका संचालन शुरू कर सकता है। हालांकि जिले में संचालित प्ले स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग ने सख्ती की बात कही है।



जिला शिक्षा विभाग ने 200 से अधिक स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से प्ले स्कूल का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।दरअसल जिले में बड़ी संख्या में प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन अधिकांश स्कूलों ने अब तक स्कूल शिक्षा विभाग में पंजीयन नहीं कराया है। पंजीयन के अभाव में इन स्कूलों पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे मनमानी फीस वसूली और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कार्रवाई तेज की है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन प्रक्रिया में लापरवाही या टालमटोल करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### नर्सरी स्कूलों की मान्यता का प्रावधान ही नहीं

ध्यान रहे कि हाईकोर्ट में भी यह मामला चल रहा है। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की तरफ से ने तर्क पेश किया था। हाईकोर्ट ने लोक शिक्षण संचालनालय को व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसमें शपथपत्र पेश कर बताया गया कि नर्सरी से केजी-2 तक संचालित स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य नहीं है। इस पर याचिकाकर्ता की तरफ से आपत्ति दर्ज करते हुए बताया कि, साल 2013 में राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नर्सरी से केजी-2 तक की कक्षाएं संचालित करने वाले सभी गैर शासकीय स्कूलों को मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके बाद भी सरकार की ओर से लापरवाही की जा रही है।

### सरकारी सब्सिडी और नियमों की अनदेखी

हाईकोर्ट में दायर याचिका में यह भी कहा गया है कि यह प्ले स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं और सरकारी सब्सिडी और नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी फीस वसूल कर रहे हैं। याचिका पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने पूर्व में स्कूल शिक्षा सचिव को हलफनामा के साथ बताने को कहा है कि, जब 2013 के सर्कुलर के अनुसार नर्सरी कक्षाएं भी मान्यता के दायरे में आती हैं, तो फिर बिना मान्यता स्कूल कैसे चलाए जा रहे हैं। हाईकोर्ट ने यह भी पूछा कि जब पहले ही कहा गया था कि जब तक इन स्कूलों को मान्यता नहीं मिल जाती, तब तक वे किसी नए छात्र को प्रवेश नहीं दे सकेंगे तो फिर एडमिशन कैसे हुए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि प्राइवेट स्कूल के मालिक बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं और खुद मर्सिडीज गाड़ियों में घूम रहे हैं। हाल यह है कि पान दुकान वाले भी बिना मान्यता के नर्सरी स्कूल चला रहे हैं।

### गुणवत्ता या सुरक्षा जांच का कोई तंत्र नहीं

गौरतलब है कि जिले सहित प्रदेश के अन्य शहरों में पिछले कुछ वर्षों में प्ले स्कूलों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अधिकांश संस्थान प्री-नर्सरी, नर्सरी और जूनियर केजी के नाम पर दो से चार वर्ष तक के बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। अभिभावकों से हजारों रुपए फीस वसूली जा रही है, लेकिन इन संस्थानों की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए कोई अधिकृत तंत्र मौजूद नहीं है। शिक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि तीन से छह वर्ष की आयु बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इसके बावजूद इस क्षेत्र में नियामक (रेगुलेटरी) व्यवस्था का न होना चिंता का विषय है। यदि किसी प्ले स्कूल में सुरक्षा, भवन, स्टाफ या बच्चों के साथ व्यवहार संबंधी कोई शिकायत सामने आती है, तो कार्रवाई के लिए भी कोई स्पष्ट प्रावधान ही नहीं हैं।

### नहीं मिले हैं दिशा निर्देश

प्ले स्कूलों को लेकर अब तक शासन से कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। शासन से गाइडलाइन मिलने पर उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा 200 से अधिक स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से प्ले स्कूल का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**- रामेश्वर जायसवाल**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

**ट्रैफिक अमला चेकिंग में व्यस्त, सभी प्रमुख सड़कों पर पल-पल में होता है ट्रैफिक जाम**

# सरकण्डा क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार


सरकंडा स्थित गुप्ता डेयरी के पास बेतरतीब खड़े वाहन।


नूतन चौक के पास सड़क पर खड़े वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपापार सरकण्डा क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे है। यहां सीपत चौक से नूतन चौक तक सड़क के दोनों किनारों पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम होता है। नूतन चौक से अपोलो हास्पिटल चौक तक लगाई गई कई ट्रैफिक सिग्नल लाइट लोगों की मुसीबत का कारण बनी हुई है। इसके कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।

सीपत चौक से नूतन चौक तक दोनों ओर कतार से दुकानें बनी हुई हैं। दुकानों के सामने लोगों के चलने के लिए फुटपाथा बनाया गया है, जिस पर व्यापारी सामान सजा कर रख लेते हैं, खरीददारी करने आने वाले सड़क पर दोपहिया व चार पहिया वाहन खड़े कर खरीददारी करते हैं। सुबह से देर रात तक दोनों ओर आधी सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं। जिससे पल पल में ट्रैफिकजाम होता है और लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### नगोई चौक पर बिल्डिंग मटैरियल डंप


व्यस्तम नगोई चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। आलम यह है कि चौक पर बिल्डिंग मटैरियल सामान डंप कर रख दिया गया है। इसके चलते क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तीन ओर से वाहनों के प्रवेश करने से पल पल में चौक में ट्रैफिक जाम हो रहा है और जाम में फंसकर लोगों को पसीना बहाना पड़ रहा है।

### ट्रैफिक सिग्नल लाइट बनी मुसीबत

आरके पेट्रोल पंप के पास लगाई गई ट्रैफिक सिग्नल लाइट सबसे बड़ी मुसीबत बन गई है। ट्रैफिक सिग्नल में चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग रही है। चौक पर लेफ्ट साइड नहीं होने से मजबूरी में लोगों को खड़ा होना पड़ रहा है। सर्वाधिक परेशानी शाम को होती है। इस समय शासकीय संस्थानों में काम करने वाले व रोजी मजदूरी करने वाले एकसाथ लौटते हैं और चौक पर ट्रैफिक का दबाव अधिक बढ़ जाता है।

### ट्रैफिक अमला वाहन चेकिंग में व्यस्त

सरकण्डा क्षेत्र में सुगम यातायात व्यस्था बनाने के लिए पृथक से पेट्रोलिंग पार्टी रखी गई है। क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्था बनाना छोड़ कर अमला प्रतिदिन चिल्हाटी से मोपका बाइपास के वाहन खड़ी वाहनों को रोककर जांच करने में व्यस्त रहते हैं। क्षेत्र में ट्रैफिकजाम होने से अमला का कोई सहोकार नहीं रहता है।

### कार्रवाई की जा रही है

सरकण्डा क्षेत्र में नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। व्यवस्था बनाने चौक चौराहे पर जवानों की पाइंट ड्यूटी व पेट्रोलिंग पार्टी रखी गई है।

**-रामगोपाल करियारे**, ट्रैफिक एडीशनल एसपी

---

# स्कार्पियो में बकरा चोरी करने वाले जबलपुर के 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्कार्पियो में बकरी बकरी चोरी करने वाले जबलपुर के 6 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 1 लाख 50 हजार रुपए बिक्री रकम व वारदात में प्रयुक्त स्कार्पियो जब्त की गई है।

रतनपुर थाना प्रभारी विष्णु यादव ने बताया, 19 जून 2026 की रात चकराभाठा निवासी समन सिंह पैकरा के घर से 4 बकरे, 15 बकरी चोरी हो गई थी। पुलिस अपराध कायम कर चोरों की पतासाजी में जुट गई थी। पतासाजी के दौरान ग्राम कर्रा में डेरा लगाकर रहने वाले जबलबुर के लोगों से पूछताछ की गई। पहले तो वे लोग गोलमोल जवाब दे रहे थे। उनकी स्कार्पियो की जांच करने पर बकरे के बाल, कटे हुए पैर मिले। 6 लोगों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर समन सिंह पैकरा के घर से बकरी बकरी चोरी कर 1 लाख 75 हजार रुपए में बेचना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेहीं पर 1 लाख 50 हजार रुपए बिक्री रकम बरामद की गई है। वे 25 हजार रुपए खर्च कर देना बता रहे हैं। पुलिस ने बिक्री रकम व स्कार्पियो जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पाली पुलिस ने की पूछताछ

बकरी बकरी चोरी करने के मामले में आरोपियों के पकड़े जाने की सूचना पर पाली पुलिस रतनपुर थाने आकर आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होने पाली क्षेत्र में बकरी बकरी चोरी कर बेचना स्वीकार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- बबलू पिता स्व. बदन खान 57 साल उमरिया गोरा बाजार जबलपुर
- अमूर खान पिता नत्थु खान 66 साल उमरिया जबलपुर
- अमीन खान पिता हकीम खान 41 साल उमरिया जबलपुर
- हबीम खान पिता दरबार खान 35 साल उमरिया जबलपुर
- शाहरूख खान पिता मशीन खान 22 साल उमरिया जबलपुर
- मोहम्मद अछ्छन पिता मोहम्मद इलियास 33 साल कर्रा रतनपुर

### रिटायर्ड शिक्षक से की 9 लाख की ठगी

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने कोटा श्रीपारा निवासी रिटायर्ड शिक्षक रामनारायण सिंह पोर्ते से उनकी नवागांव चारापारा स्थित 3 एकड़ कृषि भूमि को खेती योग्य जमीन बनाने के लिए जेसीबी चलवाने के नाम पर 9 लाख रुपए ठगी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से ठगी 9 लाख रुपए बरामद कर लिया है। रिटायर्ड शिक्षक से 23 जून को ठगी की गई थी। आलम यह है कि आरोपियों के पकड़े जाने व रकम बरामद होने के बाद कोटा पुलिस ने 27 जून को रिटायर्ड शिक्षक से ठगी होने की एफआईआर दर्ज किया है। आईजी के फरमान के बाद भी थानों रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है।

---

# दो मकानों से जेवर व 4.50 लाख नकद चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** चोरो ने आतंक मचाते हुए दो मकानों में धावा बोलकर जेवर व 4.50 लाख रुपए नकद चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है।

पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, ग्राम लोहर्सी निवासी कन्हैयालाल द्विवेदी 26 जून को दोपहर में मकान में ताला लगाकर बिलासपुर आ गए थे। दिनदहाड़े चोरों ने उनके मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी के लाकर से 4.50 लाख रुपए नकद चोरी कर लिया है। पड़ोसियों के अनुसार, दोपहर में उनके घर के पास बाइक सवार तीन लोग खड़े हुए थे, जो गांव के नहीं थे। इसी तरह ग्राम बिनौरी निवासी प्रमिला पति अश्वनी के घर 25 जून की रात बारात आई थी।

26 जून की सुबह उन्होने अपनी बेटी की विदाई करने के बाद सोने का हार, टाप्स निकालकर अपने आलमारी में साड़ी के नीचे दबाकर रख दिया और लॉक नहीं की। दूसरे दिन आलमारी खोलकर देखीं तो जेवर चोरी हो गई थी। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# 14 गौ रक्षकों को न्याय दिलाने निकली न्याय यात्रा

**बिलासपुर।** सर्व हिंदू समाज भगवा ब्रिगेड के तत्वावधान में शनिवार को बिलासपुर में गौ रक्षकों को न्याय यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में गौभक्तों, सामाजिक संगठनों एवं हिंदू समाज के लोगों ने भाग लेकर 14 गौ रक्षकों को न्याय दिलाने तथा स्वर्गीय भरत तिवारी की कथित फर्जी मुठभेड़ की निष्पक्ष जांच की मांग की।

न्याय यात्रा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति एवं जनभावनाओं से जुड़ा विषय है। उन्होंने 14 गौ रक्षकों को दी गई आजीवन कारावास की सजा पर पुनर्विचार किए जाने तथा उन्हें विधि के अनुरूप राहत प्रदान करने की मांग




की।यात्रा में स्वर्गीय भरत तिवारी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके प्रकरण की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि जांच में किसी भी अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति की भूमिका एवं दोष सिद्ध होता है, तो उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जाए तथा उनके परिजनों को न्याय एवं शासन के नियमानुसार उचित सहायता उपलब्ध कराई जाए। न्याय यात्रा शहर के गांधी चौक से देवकीनंदन चौक तक निर्धारित मार्गों से होकर निकली।

# चोरी की पांच बाइक सहित दो युवक व 3 खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने चोरी की 5 बाइक सहित दो युवक व 3 खरीददारों को गिरफ्तार कर लिया है।



- सरकंडा थाने का मामला
- चोरों की पतासाजी में जुटी पुलिस

सरकण्डा क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात को देखते हुए पुलिस चोरों की पतासाजी में लगी हुई थी। टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली सुजल दर्वे उर्फ रिंकू पिता पुनीलाल दर्वे 24 साल खाल्हेपारा मोपका निवासी चोरी की स्कूटी रखा है। उन्होंने स्टाफ के साथ सुजल को पकड़कर चोरी की स्कूटी बरामद कर ली। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर पिछले दो साल में 5 बाइक चोरी कर बेचना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके साथी सुरेन्द्र भुनेश्वर पिता छतलाल भुनेश्वर 22 साल मोपका निवासी व खरीददार भूपेंद्र वर्मा पिता बलिराम वर्मा 28 साल मोपका, सावन सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी 22 साल घुरू अमेरी, अर्जुन वर्मा पिता मनोज वर्मा 18 साल मोपका भाटापारा निवासी को पकड़कर चोरी की 5 बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**एंटी स्नेयर वॉक के तहत स्टाफ कर रहा पेट्रोलिंग**

# एटीआर: गेट बंद होने के बाद शिकार फंदे खोज रहा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बारिश का मौसम शुरु होने के साथ ही बेरियर को बंद कर आवागमन में रोक लगा दिया गया है। इसके साथ ही वन्यप्राणियों की ब्रीडिंग के साथ ही शिकारियों के लगाए गए फंदे की खोजबीन करने के लिए एंटी स्नेयर वॉक के तहत स्टाफ ने पेट्रोलिंग शुरु कर दी है, ताकि वन्यप्राणियों के शिकार की घटना न हो सके।

एटीआर के कोर जोन में भ्रमण के लिए जिले के साथ प्रदेश और आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। कोर



जोन प्रवेश करने और भ्रमण कराने के लिए शिवतराई बैगा रिसार्ट के पास ही सैलानियों को जिप्सी की सुविधा भी मिलती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन ने समिति के हाथों में सौंपकर रखी हुई है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बारिश का मौसम शुरु होने के साथ ही शिवतराई के बेरियर के अलावा जिप्सी, महारानी और अन्य गाड़ियों के पहिए चार माह यानि अक्टूबर तक बंद कर दिए गए हैं। जिप्सी के चालक और स्टाफ को अचानकमार टाइगर रिजर्व में दूसरा कार्य सौंप दिया गया है। बारिश के मौसम में वन्यप्राणियों की ब्रीडिंग के अलावा सबसे अधिक खतरा शिकारियों से होता है। सैलानियों की भीड़ नहीं होने का फायदा उठाकर वन्यप्राणियों का शिकार किया जाता है। इसके लिए शिकारी करंट, फंदे और अन्य सामानों का उपयोग पहले से ही कर लेते हैं। बारिश के मौसम में चार माह तक जंगल के गेट को बंद करने के साथ ही एंटी स्नेयर वॉक के कार्य किए जाते हैं। इसमें विभाग की ओर से वन्यप्राणियों के अवैध शिकार को रोकने के लिए चलाया जाने वाला एक विशेष गश्ती फंदा हटाओ अभियान है।

### एंटी स्नेयर वॉक शुरु

बारिश का मौसम आते ही चार माह के लिए गेट बंद कर दिया जाता है। इस दौरान वन्यप्राणियों के ब्रीडिंग का समय रहता है, इसलिए गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी जाती है। इसी तरह एनटीसीए के आदेशानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी एंटी स्नेयर वॉक यानि शिकारियों की ओर से फंदा व करंट के लिए बिछाए गए तार की खोजबीन का कार्य भी शुरु कर दिया गया है। इसमें स्टाफ के साथ ग्रामीणों का भी पूरा सहयोग लेकर जागरूक करने का भी काम किया जा रहा है।

**-अभिनव कुमार**, प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152